

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 3 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष -42 ■ अंक-035 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 4 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सुशासन तिहार में सीएम ने जीत लिया लोगों का दिल

**जशपुर,3 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सुशासन तिहार के दौरान जशपुर जिले के ग्राम भैंसामुड़ा में एक ऐसा आत्मीय और भावुक क्षण सामने आया, जिसने वहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति के मन को गहराई से छू लिया और पूरे वातावरण को संवेदनाओं से भर दिया। यह दृश्य उस मानवीय स्पर्श का जीवंत उदाहरण बन गया, जहां शासन और

### बच्ची को गोद में उठाया, चश्मा पहनाया

संवेदना एक साथ दिखाई देते हैं।

सुशासन तिहार के दौरान जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की नजर 4 वर्षीय नन्हीं बच्ची मानविका चौहान पर पड़ी, वे सहज भाव से उसके पास पहुंच गए। उनके इस स्वाभाविक और अनायास कदम ने पूरे माहौल को एक अलग ही अपनत्व के वातावरण में बदल दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्नेहपूर्वक बच्ची को अपनी गोद में उठाया और मुस्कुराते हुए उससे आत्मीय संवाद करने लगे। उनके



चेहरे पर झलकता स्नेह और व्यवहार की सरलता इस बात को दर्शा रही थी कि सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो लोगों के बीच जाकर उनके अपनेपन को महसूस करता है। मुख्यमंत्री श्री साय के पूछने पर मासूमियत भरी आवाज़ में जब मानविका ने तुतलाते हुए कहा - "मुझे डॉक्टर बनना है", तो उस छोटे-से वाक्य में एक बड़े सपने की झलक साफ दिखाई दे रही थी। यह सुनकर मुख्यमंत्री श्री साय के चेहरे पर सहज और स्नेहिल मुस्कान उभर आई। उन्होंने पूरे अपनत्व के साथ बच्ची को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह संवाद भले ही कुछ क्षणों का रहा, लेकिन उसमें जो भावनात्मक गहराई थी, उसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को यह महसूस कराया कि छोटे बच्चों के सपनों को भी सही प्रोत्साहन देने का कार्य भी मुख्यमंत्री का रहे हैं। इसी आत्मीयता में मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पास रखा चश्मा निकालकर बड़े प्यार से बच्ची को पहनाया और उसे पुचकारते हुए उसका हौसला बढ़ाया।

मानविका की माता श्रीमती दीपांजलि चौहान ने बताया कि उनकी बेटी मुख्यमंत्री से मिलने को लेकर बेहद उत्साहित थी और उनसे मिलकर अत्यंत खुश हुई। उन्होंने इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए एक यादगार अनुभव बन गया है। यह पूरा प्रसंग संवेदनशील और जनसरोकार से जुड़े नेतृत्व का सजीव उदाहरण बन गया, जहां शासन केवल योजनाओं और नीतियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि स्नेह, संवाद और विश्वास के माध्यम से सीधे लोगों के दिलों तक अपनी जगह बनाता है।

ग्राम भैंसामुड़ा में शासकीय प्राथमिक शाला चंदागढ़ के स्कूल मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री जब विद्यालय परिसर पहुंचे, तब उन्होंने स्कूल के मैदान में बच्चों को क्रिकेट खेलते देखा। बच्चों का उत्साह देखकर वे स्वयं रुक गए और उनके साथ मैदान में उतरकर क्रिकेट खेला। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए पूछा कि वे नियमित रूप से खेलते हैं या नहीं और खेलकूद के प्रति उनकी रुचि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों और स्कूली बच्चों से सीधे संवाद किया।



## 4 शहीद जवानों को दी गई आखिरी सलामी

### परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से छलके आंसू

**कांकेर,3 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को शहीद चार जवानों के शवों को नारायणपुर पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। डीआरजी की टीम छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग को शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को नारायणपुर पुलिस लाइन में लाया गया, जहां तिरंगे में लिपटे शहीद जवानों को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी शहीदों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। वहीं पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर



अभियान पर निकली थी। इस दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा प्लांटेट आईईडी मिला था, जिसे बाहर निकालकर निष्क्रीय किया जा रहा था. तभी आईईडी विस्फोट हो गया। आईईडी की चपेट में आकर 3 जवान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले घटनास्थल पे शहीद हो गए। वहीं 1 घायल जवान कॉन्स्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट कर रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित अस्पताल में लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। आज रविवार देकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर से बस्तर में नक्सल चुनौती को उजागर किया है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, लेकिन वीर सपूतों इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले और परमानंद कोर्रम की शहादत ने हर दिल में देशभक्ति और सम्मान की भावना को और मजबूत कर दिया है।

## बोलेरो में ठूंस-ठूंसकर ले जाई जा रहीं गायें पकड़ी गईं

**सक्ती,3 मई।** पशु क्रूरता की हद पार करते हुए बोलेरो वाहन में 7 गायों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था। गौ सेवकों की सतर्कता से इस पूरे मामले का भंडाफोड़ हुआ। घटना सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुहीपाली के पास की बताई जा रही है। शुक्रवार की देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच गौ सेवकों को एक संदिग्ध बोलेरो वाहन नजर आया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और इस दौरान गौ सेवकों की इनोवा कार को टक्कर मार दी। हालांकि, ज्यादा दूर तक भाग नहीं सका और मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया।जब वाहन की जांच की गई तो अंदर का नजारा बेहद दर्दनाक था। बोलेरो में 7 गायों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। आशंका जताई जा रही है कि इन मवेशियों को अवैध रूप से बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। गौ सेवकों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को अपने कब्जे में लिया और सीधे डभरा थाना पहुंचाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## सड़क किनारे पलटी यात्री बस, 50 घायल

**जांजगीर-चांपा,3 मई।** जिले में आज भीषण सड़क हादसा हुआ है. कोरबा के जमनीपाल से यात्रियों को लेकर रायगढ़ के सरिया जा रही बस हादसे का शिकार हो गया है. बस में सवार 50 लोगों घायल हो गए हैं. वहीं 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के करनोद में हुई है. यात्री बस कोरबा जिला के जमनीपाली से रायगढ़ जिला के सरिया जा रही थीं. इस दौरान जांजगीर-चांपा जिले के करनोद के पास बस पलट गई. बस में करीब 60 लोग सवार थे. बताया जा रहा है कि 50 लोगों को चोटें आई है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है. घायलों को बम्हनीडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है. जहां उनका इलाज जारी है. हादसे की सूचना के बाद बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंची. घटना के बाद सड़क पर लगे जाम की स्थिति को क्लियर कराया जा रहा है. वहीं हादसे के कारणों की जांच जारी है.

## घोड़ाधार जलप्रपात से प्रेमी जोड़े ने कूदकर दी जान

**महासमुंद,3 मई।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के सरायपाली विकासखंड स्थित शिशुपाल पर्वत के प्रसिद्ध घोड़ाधार जलप्रपात से एक प्रेमी जोड़े द्वारा कूदकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे कौन थे और कहां से आए थे। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है तथा साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घोड़ाधार जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहां सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार अब तक यहां से गिरने के कारण 9 से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में लोगों को धक्का देकर हत्या किए जाने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

### मिट्टी के बर्तन में बोरे-बासी पर सियासत

## क्या वे कांग्रेस का पिंडदान करने गए थे: गजेन्द्र



**■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर,3 मई। छत्तीसगढ़ में बोरे बासी दिवस को लेकर सियासत तेज हो गई है। 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिट्टी के बर्तन में बोरे बासी खाकर बोरे बासी दिवस मनाया था, जिसको लेकर अब स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने उनपर हमला बोला है। उन्होंने इसे प्रोपेगेंडा बताया है। दरअसल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रवाना होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला। दुर्ग में भूपेश बघेल की ओर से मिट्टी के बर्तन में बोरे बासी खाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि मिट्टी के बर्तन में बोरे बासी खाकर भूपेश बघेल ने प्रोपेगेंडा किया। पिंडदान और पितृ भोज में मिट्टी के बर्तन का उपयोग किया जाता है। भूपेश बघेल क्या कांग्रेस पार्टी का पिंडदान करने गए थे। आगे कहा कि कांग्रेस त्योहार मनाकर क्या साबित करना चाहती है। क्या छत्तीसगढ़ के लोग बासी ही खाएं ? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बंगाल समेत 5 राज्यों के परिणाम को लेकर कहा कि रिजल्ट बहुत बेहतरीन होगा और बंगाल में सुनामी के रूप में भाजपा की सरकार आएगी। वहीं उन्होंने आगे कहा कि पांच राज्यों में से तीन राज्यों में स्पष्ट भाजपा की सरकार बनेगी। इसी के साथ ही स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने मेधावी छात्रों को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि मेरिट लिस्ट में आने वाले 10वीं और 12वीं के बच्चों को सरकार एक साथ 1 लाख 50 हजार रुपए देगी, जिससे बच्चों को पढ़ाई में सुविधा होगी। वहीं मंत्री गजेंद्र यादव ने बच्चों को हेलीकॉप्टर यात्रा के सवाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को 1 लाख 50 हजार देंगे। हम किसी की नकल नहीं करते हैं। पिछले सरकार में बच्चे एक बार ही हेलीकॉप्टर यात्रा पर घूमते थे, लेकिन 1 लाख 50 हजार रुपए में बच्चे अपने पूरे परिवार के साथ पैकेज घूमकर आ सकते हैं।

## महिला आरक्षण पर भाजपा की घेराबंदी:कांग्रेस चलाएगी गांव-गांव जनजागरण अभियान

**बेमेतरा,3 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रायपुर स्थित राजीव भवन में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में हुई इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनहित के मुद्दों और आगामी रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया। बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष



छाबड़ा इस बैठक में विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष और शहर अध्यक्षों की भी सक्रिय उपस्थिति रही — जिसने जिले की संगठनात्मक एकता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। छाबड़ा ने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। बैठक में विपक्ष की भूमिका सबसे प्रखर रूप से महिला आरक्षण के मुद्दे पर दिखी। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को लागू करने में भाजपा सरकार जानबूझकर देरी क्यों कर रही है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं की भावनाओं से हो रहे इस राजनीतिक खिलवाड़ को जनता के सामने बेनकाब करेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ, ब्लॉक, वार्ड और जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया — ताकि आम जनता तक सच्चाई पहुंचाई जा सके और भाजपा की मंशा उजागर हो। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित सह प्रभारी विजय जांगिड़, मलकीत सिंह गेंदु और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने एकस्वर में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर डटकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## वाटर फिल्टर प्लांट में भीषण आग

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**दुर्ग,3 मई।** दुर्ग के पद्मनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीआईटी कॉलेज के पास स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के ऑफिस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से दमकल की टीम तुरंत मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि प्लांट के कमरे से तेज आग की लपटें और धुआं निकल रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर फाइटर्स ने केमिकल होने की आशंका के बीच बीए सेट का इस्तेमाल कर धुएं से भरे कमरे के अंदर प्रवेश किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। इस ऑपरेशन में जिला



अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अग्निशमन दल प्रभारी शरद मेश्राम सहित धर्मेंद्र, नागेश, दीवहार, खेमराज, पवित्र और राहुल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय पर कार्रवाई और टीमवर्क के चलते मौके पर किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## जनगणना ड्यूटी में शिक्षक से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,3 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में जनगणना कार्य के दौरान शिक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. बिल्हा ब्लॉक के ग्राम घोघरा में जनगणना की जानकारी लेने पहुंचे शिक्षक के साथ एक नहीं, तीन बार मारपीट की गई. साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई. शिक्षक ने बिल्हा थाने में मारपीट के खिलाफ शिकायत दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उड़नताल में पदस्थ शिक्षक नेतराम पैकरा जनगणना ड्यूटी करने ग्राम घोघरा गए थे. इसी दौरान गांव के मकान नंबर 141 में राम करेस चतुर्वेदी के घर के पास गांव के ही निर्मल सतनामी मौके पहुंचा और शिक्षक के साथ तुम यहां क्या कर रहे हो कहते हुए शिक्षक के साथ मारपीट करने लगा. शिक्षक ने तहसीलदार द्वारा जारी आईडी कार्ड भी दिखाया, तो निर्मल ने कहा कि ऐसे कई कार्ड बन जाते है और फिर से मारपीट की. इससे घबरा कर शिक्षक पंचायत भवन पहुंचा. वहां सरपंच को पूरे घटना की जानकारी दे रहा था. उसके बाद भी आरोपी युवक, शिक्षक की एक ना सुनते हुए उसका आईडी कार्ड,और शर्ट को फाड़ दिया. वहां मौजूद अन्य लोगो ने बीच बचाव किया. जिसके बाद शिक्षक दगौरी जाने निकला जिसका आरोपी ने रंजिश पूर्व चुराघाट तक पीछा किया. इस घटना के बाद से शिक्षक भयभीत है. उसने घटना की जानकारी प्रशासनिक और शिक्षा अधिकारियों को दी. जहां से उसे पुलिस में अपराध दर्ज कराने के निर्देश दिए गए. जनगणना कार्य में लगे शिक्षक के साथ मारपीट की रिपोर्ट बिल्हा थाने में दर्ज कराई गई. शिक्षक नेतराम पैकरा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी निर्मल सतनामी के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 121 (1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है. अभी तक आरोपी निर्मल पुलिस की पकड़ से बाहर है. उसको गिरफ्तार नहीं किया गया है.

## उड़ते विमान में यात्री ने खोल दिया आपात द्वार

चेन्नई,3 मई। शारजाह से चेन्नई आ रही एयर अरबिया की एक फ्लाइट में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 34 साल के यात्री ने विमान के लैंड होने के बाद टैक्सीवे पर चलते समय अचानक इमरजेंसी एग्जिट दरवाजा खोल दिया। इस घटना के बाद पायलट को तुरंत विमान रोकना पड़ा और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, एयर अरबिया का विमान 231 यात्रियों को लेकर शारजाह से चेन्नई पहुंचा था। विमान सुरक्षित रूप से रनवे पर लैंड कर चुका था और रनवे से टर्मिनल को जोड़ने वाले रास्ते (टैक्सीवे) पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान पुदुक्कोट्टई के रहने वाले एक यात्री ने अचानक उठकर विमान का आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया। विमान उस समय पूरी तरह रुका नहीं था, जिसके कारण बड़ा हादसा हो सकता था। यात्री की इस हरकत को देख केबिन क्रू और साथी यात्री सन्न रह गए। जैसे ही इमरजेंसी दरवाजा खुला, विमान के कॉकपिट में चेतावनी का अलार्म बज उठा। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को तुरंत वहीं रोक दिया और हवाई अड्डा अधिकारियों को सूचित किया।

## एसी का कंप्रेसर फटा, 9 लोगों की जलकर मौत

**नईदिल्ली,3 मई।** दिल्ली के विवेक विहार इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने की वजह से गई है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें से दो लोग घायल हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 3:30 बजे इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से एसी का कंप्रेसर फट गया, जिससे आग ने तेजी से पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। दमकल अधिकारी मुकेश वर्मा के मुताबिक, सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। रेस्क्यू के दौरान सबसे बड़ी बाधा खिड़कियों पर लगी मजबूत लोहे की ग्रिल और जालियां बनीं। इसके अलावा, इमारत में इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाले दरवाजे लगे थे, जो बिजली कटने या हादसे के वक्त खुले ही नहीं। सीढ़ियां संकरी होने और पीछे की ओर से बाहर निकलने का रास्ता न होने के कारण लोग अंदर ही फंस गए। दमकल विभाग ने इमारत की अलग-अलग मंजिलों से 9 शव बरामद किए हैं, जो बुरी तरह जल चुके थे। सुरक्षित निकाले गए लोगों में से एक व्यक्ति 30% तक झुलस गया है, जिसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम मामले की जांच कर रही है और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स भी आग लगने के सही कारणों का पता लगा रहे हैं।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे के पास चौथी बार फायरिंग

**मुंबई,3 मई।** भारत के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। कनाडा के सरे स्थित उनके कैप्स कैफे के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की घटना हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल दावों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है.

# रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग की प्रेरणा से मिला सशक्त प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 मई।** बीएसपी के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्रेरणा नामक तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य कर्मियों के प्रभावी मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण के लिए तैयार किया गया। प्रथम बैच में कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 7 प्रतिभागी पूर्व औद्योगिक अनुभव के साथ शामिल हुए, जबकि शेष नवप्रवेशी थे। अधिकांश प्रतिभागी 30 वर्ष से कम आयु वर्ग के रहे, जो युवा सुरक्षा नेतृत्व को विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। महाप्रबंधक आर. गोपालकृष्णन ने कार्यस्थल अनुभवों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उप महाप्रबंधक इंद्रदीप चटर्जी ने हाजर्ड आइडेंटिफिकेशन एंड रिस्क असेसमेंट (हीरा) तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं की भूमिका समझाई। सहायक महाप्रबंधक अनिल पाढ़ी ने सुरक्षा मानकों, जितेंद्र शर्मा ने संविदा दायित्वों एवं ठेका सुरक्षा प्रबंधन, मोहम्मद साबिर ने सेफ्टी टॉक एवं असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान तथा संतोष कुमार सिन्हा ने सुरक्षा दस्तावेजीकरण, फोर्कलिफ्ट एवं भारी वाहनों की सुरक्षा तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा जे.आर. मारकंडे ने विद्युत सुरक्षा मानकों तथा प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह ने फैक्ट्री अधिनियम एवं विधिक प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। व्यावहारिक प्रशिक्षण में सौरभ यादव, हर्षवर्धन सिंह एवं शुभम कार्तिकेयन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सहायक महाप्रबंधक सुश्री मालिनी परगनिहा द्वारा आयोजित क्विज सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम की संकल्पना महाप्रबंधक आर. गोपालकृष्णन द्वारा मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास के मार्गदर्शन में तैयार की गई।

## एक नजर

### आठवीं में सुनील साहू 85.66% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम आया

**कवर्धा, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पिता घनाराम साहू ओर माता प्रतिमा साहू के सुपुत्र सुनील कुमार साहू ने आठवीं में 85.66 प्रतिशत पाकर स्कूल में प्रथम रैंक आया । स्कुल- शास.पूर्व माध्य.विद्यालय- सहसपुर लोहारा स्कूल के प्रधान पाठक - सुश्री सीमा बांगडे एवं शिक्षिका - अनीता बांगडे तथा समस्त शिक्षक शिक्षिका को बालक की इस प्रतिभा का श्रेय जाता है।



### खुर्सीपार रेलवे फाटक 4 मई तक बंद, सड़क यातायात प्रभावित

**भिलाई, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत भिलाई-भिलाई नगर रेलखंड के बीच स्थित खुर्सीपार रेलवे समपार फाटक (किमी 855/7-9) पर आवश्यक मरम्मत कार्य जारी है। रेलवे प्रशासन द्वारा फाटक को पहले 2 मई तक बंद किया गया था, लेकिन मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण अब सड़क यातायात 4 मई की रात 8 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अप लाइन में अति आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते सड़क वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान आम नागरिकों और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

### मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने पकड़कर एक्टिवा बरामद की



**जामुल, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जामुल पुलिस ने बताया कि अरमान अली निवासी खेरधा ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अपनी एक्टिवा सिम्प्लेक्स इंजीनियरिंग के पास पार्क कर कार्य के लिए गया था, वापस आने पर एक्टिवा चोरी होना हो गया है। रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही लक्ष्मण बारले को चिन्हित कर पूछताछ की पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद कर लिया है?

### नीट परीक्षा के चलते टला जलशोधन संयंत्र का संधारण, 4 को होगी नियमित जलापूर्ति

**भिलाई, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम भिलाई के 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के सब स्टेशन में प्रस्तावित संधारण कार्य अब स्थगित कर दिया गया है। यह कार्य 3 मई रविवार को किया जाना था, लेकिन नीट परीक्षा के मद्देनजर विद्युत मंडल द्वारा विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं किए जाने के कारण संधारण कार्य नहीं हो सकेगा। नगर निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि 4 मई 2026 को शहर के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जाएगी। वहीं, संधारण कार्य के लिए नई तिथि बाद में निर्धारित कर नागरिकों को सूचित किया जाएगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 2.70 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**भिलाई, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेवई पुलिस ने बताया कि दशहरा मैदान के पास रिसाली के निवासी भूषण प्रसाद वर्मा (61 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी मुलाकात जिला न्यायालय दुर्ग में राहुल कुमार वर्मा नामक व्यक्ति से हुई थी आरोपी ने खुद को सूरजपुर जिले का तहसीलदार बताया और सरकारी तंत्र में अपनी पहुंच का दावा किया। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ने पर आरोपी ने पीड़ित का विश्वास जीत लिया इसी दौरान उसने वर्मा की बेटी मितेश्वरी वर्मा को रायपुर मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नौकरी लगवाने का लालच दिया। आरोपी ने नौकरी के लिए सेटिंग और प्रोसेसिंग का हवाला देते हुए पैसे की मांग शुरू कर दी। 7 अक्टूबर 2025 को आरोपी खुद पीड़ित के घर पहुंचा और नकद 1 लाख 50 हजार रुपए ले गया। इसके बाद भी उसकी पैसों की मांग जारी रही। आरोपी ने केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल माध्यम से भी रकम ऐंठी 10 अक्टूबर 2025 को बेटी मितेश्वरी वर्मा के पेटीएम के जरिए 1 लाख रुपए एक खाते में ट्रांसफर करवाए गए। इसके बाद 26 नवंबर 2025 को 20 हजार रुपए और ट्रांसफर करवाए गए इस तरह आरोपी ने कुल 2 लाख 70 हजार रुपए की ठगी की?

### छावनी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का मामला आया सामने

# शहर में घूम-घूमकर दांव लगवा रहे 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




■ **आरोपियों से आईफोन 15 प्रो, आईफोन 14 प्रो, ओप्पो और वीवो कंपनी के मोबाइल फोन सहित कार जब्त**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 मई।** छावनी थाना क्षेत्र के ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का एक मामला सामने आया है इस में आरोपी चलती कार को मोबाइल सट्टा ऑफिस बनाकर शहर भर में घूम-घूमकर दांव लगवा रहे थे इस मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

छावनी प्रभारी अमित अंदानी पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक हुंडई वेन्यू कार में सवार कुछ युवक नेहरू नगर, सुपेला चौक और पावर हाउस जैसे इलाकों में घूमकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के मैच पर ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं। यह भी जानकारी दी गई कि वाहन बैकुंठधाम गेट के पास खड़ा है सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम गठित की और तत्काल रेड की योजना बनाई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन को घेरा।

पुलिस ने कार में बैठे पवन कुमार यादव (23) निवासी कैंप 2 और मयंक गणवीर (23) निवासी रिसाली, नमन गुप्ता, नीलकंठ कोसरे को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से महंगे मोबाइल बरामद हुए। इन फोनों में क्रिकेट सट्टे से जुड़े चैट और लेन-देन के सबूत मिले पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल अहम सबूत साबित हुए। व्हाट्सएप चैट में क्रिकेट सट्टे के लेन-देन, खिलाड़ियों के नाम, दांव की रकम और हार-जीत का पूरा रिकॉर्ड मिला। आरोपी मैच के दौरान ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें ऑनलाइन दांव लगाने के लिए उकसाते थे और वहीं से रकम का हिसाब-किताब रखते थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे फेयर प्ले 74 नाम की ऑनलाइन आईडी के जरिए सट्टा संचालित करते थे। यह आईडी उन्हें वेनम उर्फ हिमांशु और संकेत नाम के व्यक्तियों ने उपलब्ध कराई गई थी। इतना ही नहीं यह नेटवर्क सिर्फ भिलाई तक सीमित नहीं था।

आरोपी अहमदाबाद और अन्य शहरों से जुड़े साथियों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सट्टा संचालित कर रहे थे। इसमें सोनू, नील, आकु, नियाज, नमन गुप्ता और आयुष यादव जैसे अन्य लोगों की भी संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से आईफोन 15 प्रो, आईफोन 14 प्रो, ओप्पो और वीवो कंपनी के मोबाइल फोन सहित एक कार जब्त की है कुल जब्त संपत्ति की कीमत करीब 5.02 लाख रुपए आंकी गई है वाट्सऐप बना हिसाब-किताब का जरिया बताया जाता है कि सट्टे के पूरे नेटवर्क का संचालन वाट्सऐप के जरिए किया जा रहा था।

आरोपी ग्राहकों से संपर्क, दांव की पुष्टि और भुगतान का हिसाब इसी प्लेटफॉर्म पर रखते थे। दिलचस्प बात यह है कि पैसे का लेन-देन और रिकॉर्ड रखने के बाद आरोपी चैट डिलीट कर देते थे, ताकि पुलिस को कोई सबूत न मिले। छावनी पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए सेलूद के पंचायत प्रतिनिधियों ने सांसद बघेल को सौंपा मांगपत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 मई।** ग्राम पंचायत सेलूद के पंचायत प्रतिनिधि और भाजपा के पदाधिकारियों ने मिलकर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से उनके निवास में मिलकर सेलूद के विकास हेतु विस्तार से चर्चा किया गया साथ ही ग्रामीण विकास हेतु मांगपत्र सौंपा गया जिसे बहुत जल्द पूरी करने के लिए आश्वस्त किया द्य सांसद का दौरा कार्यक्रम के तहत बहुत जल्द सेलूद आगमन की बात कही द्य सांसद के द्वारा पिछले कार्यकाल में भी बहुत सारी सेलूद की मांगों को पूरा किया था द्य इस बार भी उन्होंने आश्वस्त किया है कि ग्राम विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा द्य भेंट करने वालो में प्रमुख रूप से खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर शक्तिकेन्द्र संयोजक, रमेश देवांगन एस एस डी सी अध्यक्ष, टामन लाल साहू सोसायटी अध्यक्ष, जयन्त साहू बूथ अध्यक्ष तथा पंचायत प्रतिनिधिगन अनुपमा देवांगन, सुनीता ठाकुर, हेमिन ओगरे, पार्वती ठाकुर, उषा यादव उपस्थित रहे।

## शिवजी समिति ने स्वच्छतादूतों का किया सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 मई।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने वाले स्वच्छता कर्मियों के सम्मान में शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष रोहन मून के नेतृत्व में सेक्टर-4 स्थित जनस्वास्थ्य विभाग परिसर में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर-1, 2, 3 एवं 4 में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता दीदी एवं भैया का समिति सदस्यों ने स्वागत किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इन स्वच्छता कर्मियों की मेहनत और समर्पण से ही शहर की गलियां, मोहल्ले और घर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बने रहते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा सभी स्वच्छता कर्मियों को धूप से बचाव हेतु गमछा भेंट किया गया तथा ठंडी छाछ पिलाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य कृष्णा चौहान, यश गुप्ता, कैलाश ठाकुर, अखिलेश, रिया सिंह, कशिश, प्रियंका सहित जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अगले 5 दिनों तक मौसम बदलेगा, आंधी-बारिश व वज्रपात के आसार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 मई।** अगले पांच दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर तेज हवाओं, मेघगर्जन, वज्रपात तथा हल्की वर्षा होने के आसार हैं। विशेष रूप से 4 और 5 मई को मेघ गर्जन की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन इसके बाद आगामी तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। विभाग ने बताया कि वर्तमान में एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और दक्षिणी असम होते हुए मणिपुर तक फैली हुई है। वहीं दूसरी उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण से लेकर मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, रायलसीमा और तमिलनाडु तक विस्तारित है। इन्हीं मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से प्रदेश में मौसम परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

### ■ सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशील पहल लोगों के जीवन में जगा रही है नई उम्मीद

## दिव्यांग केदारी साहू को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, चेहरे पर दिखी खुशी की झलक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 मई।** सुशासन तिहार से कवर्धा निवासी केदारी साहू के जीवन में फिर से मुस्कान लौट आई है। दिव्यांग साहू को सिर्फ मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल ही नहीं, फिर से काम शुरू करने का भी हौसला मिला है। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में आसानी होगी और वे अपना पुराना काम दोबारा शुरू कर सकेंगे। इससे उनकी आय के साधन फिर से मजबूत होगा और परिवार की स्थिति में भी सुधार आएगा।

सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की संवेदनशील पहल लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है। नगर पालिका कवर्धा के वार्ड क्रमांक 04 निवासी केदारी साहू पढ़े-लिखे नहीं हैं और शासकीय प्रक्रियाओं की जानकारी भी उन्हें नहीं थी। वे बताते हैं कि उन्हें यह भी पता नहीं था कि आवेदन कैसे करना है और किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। जब उन्हें सुशासन तिहार शिविर की जानकारी मिली, तब वे अपने बेटे के साथ शिविर पहुंचे और अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रखी। केदारी साहू पहले घड़ी एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की घर-घर जाकर मरम्मत का कार्य करते थे, जो उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन था। लेकिन आवागमन के लिए उपयुक्त साधन नहीं होने के कारण उनका काम प्रभावित हो गया और धीरे-धीरे बंद होने की स्थिति में पहुंच गया। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ा। सुशासन तिहार शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। इस सहायता से केदारी साहू के जीवन में नई उम्मीद जागी है। अब वे आसानी से आवागमन कर सकेंगे और पुनः अपने स्वरोजगार को शुरू कर पाएंगे।

## समाचार संक्षेप

### टाइगर कैपिटल-आईकेएफ सीजन-6 ट्रायल्स में उमड़े जूनियर फुटबॉलर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 मई।** टाइगर कैपिटल के सहयोग से आयोजित इंडिया खेलो फुटबॉल सीजन-6 के ट्रायल्स में शनिवार सुबह सेक्टर-2 फुटबॉल ग्राउंड में जूनियर खिलाड़ियों का उत्साह देखने को मिला। अंडर-16 और अंडर-17 आयु वर्ग के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पहले सत्र में निर्णायकों के सामने अपने फुटबॉल कौशल का प्रदर्शन किया। स्थानीय स्तर पर आयोजन में भागीदार लेमन ब्रेक अकादमी के प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स एजुकेटर राजशेखर मुराहरि ने बताया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर किया जाएगा। शनिवार शाम को अंडर-13 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भी ट्रायल दिया। टाइगर-आईकेएफ सीजन-6 के ट्रायल्स 3 मई को भी जारी रहेंगे।

### 32 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी को पुलगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 मई।** अंजोरा चौकी क्षेत्र के अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को पुलगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 32 पौवा देसी शराब जब्त की गई है जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 3200 रुपए आंकी गई है आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि पुलिस के मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए बैठा हुआ है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अजय उर्फजय ढीमर निवासी शिव पारा दुर्ग को पकड़ा उसके पास से 32 पौवा देसी मसाला शराब बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### दसवीं बोर्ड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रिया को कलेक्टर ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 मई।** जिले की मेधावी छात्रा रिया केशरवानी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया गया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छात्रा के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर वर्मा ने छात्रा, उनके माता-पिता, परिजनों एवं विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि रिया की सफलता दृढ़ संकल्प, सतत परिश्रम एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कलेक्टर वर्मा ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं निरंतर प्रयास से सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी समय में जेईई एवं नीट प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कोचिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन एवं अवसर प्राप्त हो सकें।रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को देते हुए बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सक बनना है, जिसके लिए वह निरंतर तैयारी में जुटी हैं।उल्लेखनीय है कि छात्रा रिया केशरवानी ने 600 में से 593 अंक अर्जित कर 98.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जो कि पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

### बैठक में एएसपी ने दशहरा मैदान के नियमित चेकिंग का दिया आदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 मई।** शांति नगर, वार्ड -14 के पार्षद अभिषेक मिश्रा की पहल पर दुर्ग भिलाई पुलिस द्वारा दशहरा मैदान में जन मित्र योजना की बैठक की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य था वार्ड के लोगों के नजदीक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनना और उनका निराकरण करना। वार्ड के लोगों की सर्वाधिक परेशानी दशहरा मैदान में शाम होते ही नशाखोरी को लेकर थी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने इस समस्या का तत्काल हल निकाला और अपने मातहत अधिकारियों को दशहरा मैदान की रूटीन चेकिंग का आदेश दिया। बैठक में ही सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने सीआरपीएफ के पांच जवानों की ड्यूटी दशहरा मैदान में लगाने की बात कही जो शाम होते ही दशहरा मैदान की रूटीन चेकिंग करेंगे। वार्डवासियों ने इसका स्वागत किया बैठक में वार्ड के लोगों ने एक-एक कर अपनी समस्याएं बताई सिर्वाधिक परेशानी दशहरा मैदान में हो रही नशाखोरी को लेकर ही थी। लोगों का कहना था कि शाम होते ही अनजान युवक इस मैदान में पहुंच जाते हैं और खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। यह युवक इस वार्ड के न होकर दूर दराज जगहों से आते हैं। खासकर हॉस्टल में रहने वाले युवक ही ज्यादा होते हैं। किसी ने इन्हें रोकने रोकने की कोशिश की तो वह लड़ाई झगड़े पर उतर जाते हैं दशहरा मैदान में हो रही शराब खोरी के चलते वार्ड के लोगों का शाम को दशहरा मैदान में जाना लगभग बंद हो गया है। सड़क से गुजरने वालों को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है जन मित्र योजना की बैठक में उपस्थित वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा का कहना था कि उन्हें लगातार यह शिकायत मिल रही है। उन्होंने पैरेंट्स से अनुरोध किया कि वह जागरूक हों और अपने बच्चों को दशहरा मैदान में जाने से रोकें बैठक में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी तथा कहा कि पुलिस से बिल्कुल ना डरें। कोई भी समस्या हो तत्काल पुलिस से संपर्क करें, उनकी समस्या का हल निकलेगा मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने कहा कि हम आज यहां आप सभी लोगों को अपना दोस्त बनाने आए हैं।

## एक नजर

### दंतेवाड़ा की बेटी नैना चौधरी ने रचा इतिहास, रायपुर में हुआ सम्मान

**दंतेवाड़ा 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की होनहार बेटी नैना चौधरी ने शिक्षा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। नैना ने अंजनी यूनिवर्सिटी रायपुर से बैचलर ऑफआर्ट्स (B.A.) प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में 93त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।इस उल्लेखनीय सफलता पर रायपुर में आयोजित एक भव्य वार्षिक समारोह के दौरान नैना चौधरी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें योगेश अग्रवाल (प्रेसिडेंट, सीजी फिल्म इंडस्ट्री) के हाथों प्रदान किया गया, जिससे यह उपलब्धि और भी खास बन गई।नैना का शैक्षणिक सफर पहले से ही उत्कृष्ट रहा है। इससे पूर्व उन्होंने ष्ठ्ठङ्क स्कूल किरंदुल से 12वीं कक्षा में 92.5त्न अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया था। लगातार शानदार प्रदर्शन के कारण वे क्षेत्र की मेधावी छात्राओं में गिनी जाती हैं। नैना चौधरी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे दंतेवाड़ा जिले में गर्व का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर उच्च शिक्षा में इस तरह का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि मेहनत और लगन के दम पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।स्थानीय लोगों और शिक्षकों का कहना है कि नैना जैसी बेटियां आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं।



### सफाई व्यवस्था प्रभावित करने पर संबंधित ठेकेदार को आयुक्त ने जारी किया नोटिस

**राजनांदगांव 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी स्वच्छता सवेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफसफाई में जोर दे रहा है। महापौर एवं आयुक्त स्वयं वार्डो में जाकर सफाई का जायजा लेकर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दे रहे है। इस तारतम्य में ठेका वार्ड में सफाई कार्य बंद करने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होने पर संबंधित महिला समूह को आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा है कि भाग्य लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह कौरिनभाठा को निकाय अंतर्गत वार्ड नं. 32,33,35,39,40,42 व 44 में सफाई कार्य का दायित्व सौपा गया था। किन्तु इनके द्वारा वार्डो में सफाई कार्य बंद कर दिया गया जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है, ऐसी स्थिति में वार्डो मे सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी प्रकार लखोली की महिला कृष्णा स्व सहायता समूह द्वारा भी वार्ड नं. 7,16,17 व 18 में भी सफाई कार्य बंद कर दिया गया, उक्त दोनो महिला समूह द्वारा सफाई कार्य बंद किया जाना लापरवाही एवं अनुबंध शर्तो का उल्लंखन है। समूहो के इस प्रकार के कृत्य से वार्डो में सफाई प्रभावित होने पर आयुक्त ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। उन्होने कहा है कि सफाई बंद करने पर संतोषप्रद जवाब नही देने की स्थिति में अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर समूह को काली सूची में अंकित किया जायेगा।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए राज्यपाल की संवेदनशील पहल

**रायपुर, 3 मई।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उपचार को लेकर राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने एम्स के दंत रोग चिकित्सा विभाग को अपने स्वेच्छानुदान से 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की थी, जिसके माध्यम से इन बच्चों के दंत रोगों का उपचार किया जा रहा है। आज राज्यपाल ने एम्स पहुंचकर दंत रोग चिकित्सा विभाग का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपचार के लिए आए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत करते हुए उन्होंने उपचार की प्रक्रिया और सुविधाओं के बारे में भी जाना। राज्यपाल ने चिकित्सकों और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स के दंत विभाग में चल रही इस पहल से कई बच्चों को दंत रोगों से राहत मिल रही है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक सत्यजीत निराला निलंबित

**रायपुर, 3 मई ।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण भवन क्रमांकन एवं मकान सूचीकरण के अंतर्गत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए 15 से 17 अप्रैल 2026 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी (ग्रामीण) दुलदुला के प्रतिवेदन के अनुसार, जशपुर जिले के प्राथमिक शाला सरहापानी, ग्राम पतराटोली के सहायक शिक्षक श्री सत्यजीत निराला बिना पूर्व सूचना या अनुमति के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। इस पर उन्हें 19 अप्रैल 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया।इसके बाद जिला स्तर से भी 21 अप्रैल 2026 को पुनः नोटिस जारी किया गया, परंतु संबंधित द्वारा अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया। प्रकरण में स्पष्ट हुआ कि श्री निराला ने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 का उल्लंघन माना गया है। इसी आधार पर श्री सत्यजीत निराला को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन से एकता और भाईचारा बढ़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा 3 मई।** बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में एक अनोखा और ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के हर स्तर के लोगों ने भाग लिया–दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों से लेकर स्टाफ तक यह आयोजन पवन कुलकर्णी (यूनिट हेड), राजीव सिंघल एवं जितेंद्र तंवर के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिनके मार्गदर्शन ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस टूर्नामेंट की खास बात इसकी समावेशी संरचना रही। सभी प्रतिभागियों को 6 टीमों में विभाजित किया गया, जहाँ प्रत्येक टीम का कप्तान स्टाफ से और उप-कप्तान श्रमिक वर्ग से चुना गया। इस पहल ने सभी के बीच समान भागीदारी और सहयोग को बढ़ावा दिया। पहली बार था जब इस तरह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रबंधन, वेज बोर्ड और श्रमिकों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना और एकता की भावना को बढ़ाना था।

इस आयोजन को स्पोर्ट्स कमेटी द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिसमें अजीत कुमार सिंह, चिन्मय राउत, अभिषेक तेवतिया, बृजेश पटेल, कामेश्वर प्रसाद, राजेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा एवं परमेश्वर पाल शामिल थे। कमेटी के समर्पण और बेहतर समन्वय ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस पहल को सभी वर्गों से अत्यंत सराहना मिली। मैदान पर खेल के साथ-साथ आपसी समझ, सम्मान और भाईचारे का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने बताया कि यह केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि एक ऐसा मंच था जिसने दूरियों को कम किया और दिलों को जोड़ा।

टूर्नामेंट के दौरान श्रमिकों और वेज बोर्ड के सदस्यों के बीच खुशी, संतोष और अपनापन साफ झलक रहा था। एकता और भाईचारे की भावना इतनी प्रबल थी कि हर व्यक्ति खुद को एक ही परिवार का हिस्सा महसूस कर रहा था।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने बैकुंठ सीमेंट वर्क्स परिवार में एक नई पहचान–एकता, सहयोग और अपनापन–को और अधिक मजबूत किया।

# बचेली एनएमडीसी लोडिंग प्लांट हादसे में 22 वर्षीय मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

- ■ मृतक के परिजनों को अब तक नहीं मिला मुआवजा
- ■ आश्वासन देने से भी बच रहे जिम्मेदार ठेकेदार व अधिकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 3 मई।** दंतेवाड़ा जिले के लौहनगरी बचेली में स्थित एनएमडीसी लोडिंग प्लांट क्षेत्र में मंगलवार दिनांक 21 अप्रैल रात तकरीबन 2 बजे एक दिल दहला देनी वाली घटना सामने आई। इस हादसे में जिला दंतेवाड़ा ग्राम मंगनार पटेल पारा निवासी 22 वर्षीय अजय भोगामी रेलगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी उपचार के दौरान हुई मृत्यु अजय एक ठेकेदार के अंतर्गत रेलगाड़ी के डिब्बों की सफाई एवं चेकिंग का कार्य कर रहा था और ड्यूटी के दौरान ही यह हादसा हुआ।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार घटना के दिन बारिस से बचने के लिए अजय भोगामी खड़ी मालगाड़ी के नीचे चला गया, तभी अचानक ट्रेन चल पड़ी और बाहर निकलने की कोशिश में वह पहियों की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि उसके दोनों पैर और एक हाथ कट गए। अजय का गांव दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से तकरीबन 35 किलोमीटर और बचेली से लगभग 65 किलोमीटर दूर अंदरूनी क्षेत्र में स्थित है। अजय घर का सबसे बड़ा और इकलौता कमाने वाला सदस्य था उसकी शादी महज डेढ़ महीने पहले ही हुई थी परिवार में बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी, छोटा भाई और बहन हैं घर की हालत बेहद दैनिय हैं, एक कमरे का कच्चा मकान ही पूरे परिवार की आश्रय हैं इस हादसे के बाद परिवार के सामने भूख और भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े हादसे के बाद भी पीड़ित परिवार को अब तक कोई मुआवजा क्यों नहीं मिला।

#### जिम्मेदारी पर सवाल

शासन की ओर से कोई मदद नहीं, एनएमडीसी प्रबंधन ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, रेलवे विभाग की ओर से भी कोई राहत नहीं, ठेका कंपनी भी जिम्मेदारी से बचती नजर आ रही है, परिवार को केवल अंतिम संस्कार के लिए थोड़ी-बहुत राशि दी गई, लेकिन दीर्घकालिक सहायता या मुआवजा अब तक नहीं मिला।

#### कानूनी पहलू: क्या कहता है कानून

इस मामले में कई कानून लागू होते हैं: कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 ड्यूटी के दौरान हादसे में घायल मजदूर को मुआवजा देना अनिवार्य कारखाना अधिनियम, 1948 कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना कंपनी की जिम्मेदारी ठेका श्रमिक (नियमन एवं समाप्ति) अधिनियम, 1970 ठेका मजदूरों की सुरक्षा और सुविधा की जिम्मेदारी मुख्य नियोक्ता की भी रेलवे अधिनियम, 1989 रेलवे क्षेत्र में सुरक्षा चूक होने पर जवाबदेही तय ऐसे में एनएमडीसी, रेलवे और ठेकेदार – तीनों की जिम्मेदारी बनती है।

#### सिस्टम की विफलता या लापरवाही?

यह लोडिंग प्लांट एनएमडीसी का है, जहांः रेलवे की मालगाड़ियां आती हैं एनएमडीसी खनिज का प्रबंधन करता है ठेकेदार मजदूर उपलब्ध कराते हैं यानी तीन-तीन एजेंसियां काम कर रही हैं, लेकिन सुरक्षा के नाम पर गंभीर चूक सामने आई है।

#### बड़ा सवाल.?

क्या एक गरीब मजदूर की जिंदगी की कोई कीमत नहीं? क्या कंपनियां और विभाग जिम्मेदारी से बचते रहेंगे? और आखिर कब मिलेगा अजय भोगामी के परिवार को न्याय.?

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की जिलों में सुशासन तिहार की तैयारी की समीक्षा

**रायपुर,3 मई।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने प्रभार के जिलों में सुशासन तिहार के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बालोद, बस्तर एवं मोहला-मानपुर जिलों के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मनरेगा भुगतान, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड वितरण, राजस्व प्रकरण, शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि सुशासन तिहार में विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए और कोई भी मामला समय-सीमा से बाहर न रहे। उन्होंने नक्शा-खसरा निःशुल्क उपलब्ध कराने, बंटवारा, सीमांकन और नामांतरण जैसे मामलों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिविरों की जानकारी जनप्रतिनिधियों, पंचायत एवं समाज प्रमुखों तक समय पर पहुंचाई जाए। साथ ही मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में 'सेवा सेतु' पोर्टल के प्रचार-प्रसार के लिए शिविरों में स्टॉल लगाने और डेमो देने की व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार का लेन-देन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खाद वितरण, विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने, खराब बोर सुधारने, पाइपलाइन बिछाने और जरूरत पड़ने पर पानी टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर शिविर स्थलों पर पेयजल, कूलर और छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्कूल-कॉलेजों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा साइबर अपराध, नशा और यातायात नियमों पर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। सुशासन तिहार के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने और ग्राम पंचायतों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का लाभ उठा सकें। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर सुशासन तिहार को सफल बनाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए।

# शिक्षक बी.एस.ध्रुव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 3 मई।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक बी.एस. ध्रुव के सम्मान में गुरुवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिमगा में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने भावभीनी श्रद्धा के साथ उन्हें विदाई दी।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से की गई, जिससे पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक और सौम्य माहौल निर्मित हुआ। इसके पश्चात बी.एस. ध्रुव को फूल-मालाओं, गुलदस्ता, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सहकर्मियों ने उनके लंबे सेवाकाल, अनुशासन, समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बी.एस. ध्रुव ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सभी का धन्यवाद किया और विद्यालय परिवार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस प्रकार उन्होंने अपनी शासकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए सभी के बीच अमिट छाप छोड़ी।

### संघर्ष और जनसंपर्क से बनी पहचान

# राज्यसभा सदस्य बनने के बाद नगर आगमन पर लक्ष्मी वर्मा के भव्य स्वागत की तैयारी



**तिल्दा-नेवरा 3 मई।** राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर आगमन को लेकर लक्ष्मी वर्मा के स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। नगरवासियों, सामाजिक संगठनों और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। जगह-जगह स्वागत मंच, बैनर-पोस्टर और अभिनंदन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। लक्ष्मी वर्मा का तिल्दा-नेवरा क्षेत्र से गहरा जुड़ाव रहा है। वे रायपुर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रह चुकी हैं और प्रदेश स्तर पर संगठन में उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुकी हैं। उनके लंबे राजनीतिक और सामाजिक अनुभव के कारण क्षेत्र में उनकी मजबूत पहचान बनी हुई है। बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र में उनकी सक्रियता और गांव-गांव तक मजबूत जनसंपर्क ने उन्हें एक विश्वसनीय जननेता के रूप में स्थापित किया है। उनके राज्यसभा सदस्य बनने पर क्षेत्र में गर्व और उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सामूहिक स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। समर्थकों के अनुसार, यह केवल औपचारिक स्वागत नहीं, बल्कि क्षेत्र की लोकप्रिय नेता के सम्मान का अवसर है।

लक्ष्मी वर्मा का राजनीतिक सफर संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की भावना से जुड़ा रहा है। उन्होंने जमीनी स्तर से शुरुआत कर आम जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए सक्रिय रहना उनकी कार्यशैली का मुख्य हिस्सा रहा है। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि जनसरोकारों से जुड़ी नेता के रूप में पहचानी जाती हैं।

तिल्दा-नेवरा के विकास में लक्ष्मी वर्मा की भूमिका बहुआयामी रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव और जमीनी जुड़ाव के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने का प्रयास किया है। जिला पंचायत स्तर पर नेतृत्व करते हुए उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ, जिससे विकास योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर मिल सका। सड़क, पेयजल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने इन क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार पहल की। विशेष रूप से पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को लेकर उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों के साथ उनका निरंतर संपर्क बना रहा। इससे क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को समझने और त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिली।

उन्होंने महिलाओं की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई पहल कीं। एक महिला नेता के रूप में उन्होंने अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक वातावरण तैयार किया।

तिल्दा-नेवरा से उनके गहरे जुड़ाव के कारण क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी इस समर्पण को दर्शाती है। लक्ष्मी वर्मा का योगदान केवल उनके राजनीतिक पदों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने तिल्दा-नेवरा के सामाजिक, आधारभूत और प्रशासनिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, किसी भी क्षेत्र का विकास सामूहिक प्रयासों का परिणाम होता है, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता समान रूप से आवश्यक होती है।

# छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का सदस्यता अभियान जारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 3 मई।** भारत निर्वाचन आयोग मे पंजीकृत राजनैतिक दल जोहार छत्तीसगढ पार्टी का पूरे प्रदेश मे सदस्यता अभियान जारी है। इसके तहत आज सिमगा खंड के गांव ड्डनवागांव मे बैठक रखा गया । जिसमें गांव के लगभग 35 से 40 नव जवान ड्डयुवा साथियो ने सदस्यता ग्रहण किया। अनेक लोगो को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराये । विशेष कर युवाओ मे पार्टी से जुडकर कार्य करने उत्साह देखा गया । वर्तमान मे भाजपा की सरकार व पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय जिस प्रकार से छत्तीसगढ के जल ,जंगल,जमीन और खनिज संसाधनो को बेदर्दी से पूजीपतियो को सौपा गया , बेरोजगार, अफसरशाही, भ्रष्टाचार बेलगाम हो चुका है , शराब अफीम नशा की गोलिया इंजेक्शन खुले आम बिक रहा है , वैध - अवैध शराब चौबीस घंटे हर गांव गली मोहल्ले मे बेचा जा रहा है । इन सब कारणो से आम जनता अब प्रदेश मे विकल्प तलाश रही है ।

छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना विगत 12 वर्षो से लगातार छत्तीसगढ व छत्तीसगढियो के हक अधिकार के लिए संघर्ष करते आ रहा है । जोहार छत्तीसगढ पार्टी, छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना का राजनैतिक विंग है । जिसके केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल अभी रायपुर मे छत्तीसगढ महतारी मूर्ति तोडे जाने के विरोध प्रदर्शन के कारण पिछले 5 माह से सेन्ट्रल जेल रायपुर मे बंद है । और Cks प्रदेश अध्यक्ष ड्ड अजय यादव व दिनेश वर्मा पिछले 4 माह से बलौदा बाजार जेल मे बंद है ।

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्षड्ड सनत यदु , जिला महामंत्री देव वर्मा , जिला उपाध्यक्ष ड्ड तोरण निसाद ।

जोहार छत्तीसगढ पार्टी के जिला अध्यक्ष ड्ड सुरेंद्र वासु यदु , महामंत्री नरेश वर्मा ,बेमेतरा शहर अध्यक्ष ड्ड फौजीड्डसूर्या सिंह, छ्व्यस् जिला अध्यक्ष ड्ड निलेश साहू तिल्दा खड़ ढ्ढ ञ्ज अध्यक्ष ड्ड पुष्पा/ राकेश साहू , विनोद यदु ,सेवक ध्रुव , नारायण यादव व ।

नवा गांव के पूर्व सरपंच ड्ड रमेश साहू, तरुण साहू, किशोर साहू , राजा राम साहू, ओंकार साहू, राकेश साहू, अनिल साहू, मनी राम , भेखराम , अर्जुन, लोकनाथ, मुकेश गणेश,हेमंत,संतोष ,मोहन ,शिव कुमार,अशोक , विशाल, दिनेश, थानेश्वर , परदेशी, बलराम, अंगद, मोनेश, रवि शंकर , समेलाल, मानसिंग, दिलीप , तिहारु, लेखराम , विनय, हार्दिक, केदार, भाटापारा से राधा ध्रुव अन्य साथीगण उपस्थित रहे ।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये निगम की टीम ने जयस्तंभ चौक की 11 दुकानों पर कार्रवाई



- ■ 1 हजार 6 सौ रुपये जुर्माना लगा, 2 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की

**राजनांदगांव 2 मई।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों को समझाईस देकर अपालन पर कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में निगम का स्वास्थ्य अमला जय स्तम्भ चौक क्षेत्र मे अभियान चलाकर 11 दुकानों व ठेला खोमचा पर कार्यवाही कर 2 किलो पालीथीन जप्ती कर 1 हजार 6 सौ रूपये जुर्माना वसूलें। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है।

निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में जय स्तम्भ चौक के फल दुकान व ठेला तथा गन्ना रस दुकान में दबिश देकर 11 लोगो पर 1 हजार 6 सौ रूपये जुर्माना लगा 2 किलो प्रतिबंधित पालिथीन जप्त किये, उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। गन्ना रस विर्क्रेताओ को प्लास्टिक के डिस्पोंज ग्लास का उपयोग नही करने समझाईस भी दी गयी। क्योकि इससे बीमारी का खतरा रहता है। इसके अलावा डस्टबिन का उपयोग करने, कचरा नही फैलाने की भी समझाईस दी गयी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता अपनाये व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।

## अदालत ने गेंद केजरीवाल के पाले में डाल दी

केजरीवाल देश में एक ऐसे नेता हैं जो वह काम करते हैं जो काम कोई नेता करने की सोचता नहीं है।कोई नेता किसी जज या अदालत के साथ राजनीति करने से डरता है लेकिन केजरीवाल ऐसे नेता हैं जो अदालत व जज के साथ राजनीति करने से नहीं डरते हैं। आबकारी घोटाले में केजरीवाल का पहला दांव जज को हटाने का फेल हो गया है तो उन्होंने अब दूसरा दांव चल दिया है कि वह न खुद अदालत में पेश होंगे और न ही उनकी तरफ से अदालत में कोई वकील पेश होगा। वह इसे सत्याग्रह का नाम दे रहे हैं और जनता को बताने का प्रयास कर रहे हैं कि अदालत उनके साथ अन्याय कर रही है और वह अदालत के किए जा रहे अन्याय के विरोध में सत्याग्रह कर रहे हैं।यानी वह एक तरह से अदालत का बहिष्कार कर रहे हैं और चुनौती दे रहे है कि मैं अदालत नहीं जाऊंगा तो अदालत को जो करना है कर ले। ऐसा करके केजरीवाल व सिसोदिया ने गेंद अदालत के पाले में डाल दी थी। आबकारी घोटाले मामले में केजरीवाल व सिसोदिया ने भले ही सुनवाई से खुद को अलग कर लिया हो लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने आप नेताओं सहित अह्र प्रतिवादियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए बुधवार को एक और मौका दिया है। सीबीआई की अपील याचिका पर न्याय मूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने कहा है कि आप नेताओं सहित सभी प्रतिवादियों ने अब भी जवाब दाखिल नहीं किया है।ऐसे में सभी प्रतिवादियों को शनिवार तक जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया जाता है।साथ ही अदालत ने ट्रायल कोर्ट को मामले से जुड़े सभी रिकार्ड पेश करने का निर्देश दिया है।ऐसा करके अदालत ने केजरीवाल सिसोदिया के पाले में गेंद डाल दी है।केजरीवाल ने उनका मामला खारिज हो जाने पर जैसा राजनीति में करते हैं वैसा ही अब भी किया है उन्होंने जज के नाम पत्र लिखा और उसे सार्वजनिक भी कर दिया और जनता को बताने की कोशिश की कि अब वह भी महात्मा गांधी की तरह अतंरात्मा की आवाज सुनकर सत्याग्रह करने का फैसला किया है। यानी अब वह कानूनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे वह नैतिक व वैचारिक विरोध का रास्ता अपनाएंगे।उनका यह कदम न्याय व्यवस्था के खिलाफ नहीं है।बल्कि अपने सिध्दांतों के समर्थन में है और वह अपने इस फैसले का जो भी नतीजा होगा वह भुगतने को तैयार हैं। केजरीवाल क्या कर रहे है, इसे केजरीवाल जितने अच्छे से समझ रहे हैं, उसे अदालत व जज भी समझ रहे हैं कि केजरीवाल उनके सामने यह चुनौती पेश कर रहे हैं कि अदालत की कोई भी कार्रवाई तब ही ठीक समझी और मानी जाती है जब अदालत दोनों पक्षों की दलीले सुनती हैं, पेश किए सबूत को देखती है और उसके बाद ही अदालत कोई फैसला करती है। कोई भी अदालत किसी पक्ष को सुने बगैर कोई फैसला नहीं दे सकती। इस बात को केजरीवाल भी समझ रहे है और अदालत भी समझ रही है।यही वजह है कि अदालत ने केजरीवाल सहित सभी प्रतिवादियों को अब तक अदालत में कोई जवाब दाखिल नहीं करने पर आखिरी मौका शनिवार तक जवाब दाखिल करने को दिया है। इससे अदालत पर यह आरोप कोई नहीं लगा पाएगा कि अदालत ने उनका पक्ष सुने बगैर कोई फैसला कर दिया।अदालत केजरीवाल सहित सभी प्रतिवादियों को आखिरी मौका दे दिया है यानी गेंद केजरीवाल के पाले में डाल दी है और अब भी अगर वह शनिवार को कोई जवाब दाखिल नहीं करते हैं तो अदालत जो कार्रवाई कर सकती है वह करेगी।कानून के जानकार लोगों के मुताबिक ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर होने पर जब संबंधित अदालत प्रतिवादी को नोटिस जारी कर जवाब मांगती है तो उसका कोर्ट के समक्ष स्वयं या वकील के माध्यम से पेश होना अनिवार्य होता है।कार्रवाई का बहिष्कार करने की स्थिति में अदालत संबंधित प्रतिवादी के खिलाफ कानून के तहत पहले जमानती व बाद में गैरजमानती वारंट जारी कर सकती है।इसके अलावा नोटिस जारी होने के बाद मामलें मे अदालत या तो केजरीवाल की तरफ से बिना जिरह सुने एक पक्षीय निर्णय पारित कर सकती है या फिर प्रतिवादी की तरफ से जिरह पेश करने के लिए न्याय मित्र नियुक्त कर सकती है।

**औषधि पादप बोर्ड की नई कार्ययोजना से आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं ग्रामीण महिलाएं**

# छत्तीसगढ़ की जड़ी-बूटियों से बनेगी नारी शक्ति स्वावलंबी

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक**

**अशोक कुमार चंद्रवंशी ,सहायक जनसंपर्क अधिकारी**

छत्तीसगढ़ के वनांचल की गोद में छिपी अमूल्य औषधि संपदा अब केवल स्वास्थ्य का आधार नहीं, बल्कि प्रदेश की नारी शक्ति के आर्थिक स्वावलंबन का नया अध्याय बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन की जिस परिकल्पना को साकार कर रही है, उसे वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप और छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम के मार्गदर्शन में धरातल पर उतार रहा है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

**पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक पहचान**-वनांचल में बिखरे पारंपरिक ज्ञान को महज एक स्मृति न रहने देने के संकल्प के साथ बोर्ड ने इसे वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत उन स्थानीय वैद्यों और जानकारों का चिन्हांकन शुरू किया गया है, जिनके पास असाध्य रोगों के उपचार का अद्भुत ज्ञान है। बोर्ड का प्रयास इन महिलाओं को एक उचित मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी विशेषज्ञता का लाभ समाज को मिले और वे स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर सकें। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उस विरासत का सम्मान है जिसे ग्रामीण महिलाओं ने सदियों से सहेजकर रखा है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक जड़ी-बूटी और जनजातीय ज्ञान को अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से नई पहचान मिल रही है। राज्य के वनों में छिपे औषधीय खजाने को वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित कर, उसे आजीविका के साधन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**संग्रहण से प्रसंस्करण तक- उद्यमिता की नई उड़ान**-आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ा बदलाव तब दिखाई दे रहा है, जब जड़ी-बूटियों का संग्रहण करने वाली महिलाएं अब संग्राहक से आगे बढ़कर निर्माता की भूमिका में नजर आ रही हैं। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, महिला स्व-सहायता समूहों को औषधि प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) के उन्नत गुर सिखाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल औषधीय पौधों का संरक्षण कर रही है, बल्कि वनवासियों और लघु वन उपज संग्राहकों की आय में वृद्धि करके उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। छत्तीसगढ़ में 1500 से अधिक सक्रिय वैद्यों के ज्ञान को सहेजने




और जड़ी-बूटियों के विपणन के लिए छत्तीसगढ़ जनजातीय स्थानीय स्वास्थ्य परंपराएं और औषधीय पादप बोर्ड सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह संस्था हर्बल उत्पादों की खेती, मूल्य संवर्धन, और मार्केटिंग में तकनीकी सहायता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करती है।

**मूल्य संवर्धन (वेल्यू एडिशन)**-छत्तीसगढ़ में जड़ी-बूटी मूल्य संवर्धन एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से राज्य के समृद्ध वन संसाधनों को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित (प्रोसेस) करके उनके आर्थिक मूल्य को बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' ब्रांड के तहत इन उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। जब ये महिलाएं वनों से प्राप्त कच्ची सामग्री को साफ कर, सुखाकर उसे चूर्ण, अर्क या तेल के रूप में परिवर्तित करती हैं, तो उत्पाद की कीमत और गुणवत्ता कई गुना बढ़ जाती है। इस मूल्य संवर्धन का सीधा आर्थिक लाभ उनके बैंक खातों तक पहुँच रहा है, जिससे बिचौलियों का वर्चस्व पूरी तरह समाप्त हो गया है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। 65 से अधिक लघु वन उपज प्रजातियों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी और उनका प्रसंस्करण किया जा रहा है। यह पहल छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो परंपरा और आधुनिक तकनीक का संगम है।

**छत्तीसगढ़ हर्बल्स को वैश्विक पहचान**-छत्तीसगढ़, जिसे 'जड़ीबूटि गढ़' भी कहा जाता है, अपने घने जंगलों, विशेषकर बस्तर में 160 से अधिक प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों का प्राकृतिक खजाना है। यहाँ की मिट्टी में अश्वगंधा, सर्पगंधा, गोक्षुरा (गोखरू), कुटकी और तिखुर जैसी औषधियां पाई जाती हैं, जो स्वास्थ्य और जीवन शक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। बाजार की चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए बोर्ड ने विपणन (मार्केटिंग) तंत्र को पारदर्शी बनाया है। प्रदेश के छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड को सशक्त करने के लिए प्रदर्शनियों और रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से इन उत्पादों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'व्होकल फार लोकल' और मुख्यमंत्री के 'लखपति दीदी' अभियान को सफल बनाने में यह रणनीति संजीवनी का कार्य कर रही है।

**नर्सरी प्रबंधन और स्थानीय रोजगार**-जड़ी बूटियों को किचिन गार्डन, होम गार्डन में खिड़की, बालकनी, टेरिस पर गमलों, या अन्य कंटेनरों में कभी भी उगाया जा सकता है। कंटेनर गार्डनिंग या ग्रो बैग में जड़ी-बूटियां उगाने का एक फायदा यह भी है कि जड़ी-बूटी को उसकी जरूरत के आधार पर मिट्टी, पोषक तत्व, सूर्य प्रकाश और नमी के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है तथा गमलों में उगाई गई प्रत्येक जड़ी-बूटी (हर्बल) को उसकी आदर्श स्थितियां दे सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण और आजीविका के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से औषधीय पौधों की 'मदर नर्सरी' विकसित करने की जिम्मेदारी महिला समूहों को सौंपी जा रही है। इससे दुर्लभ जड़ी-बूटियों की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर महिलाओं के लिए बारहमासी रोजगार के द्वार खुल गए हैं, जिससे वनांचल से होने वाले पलायन पर भी अंकुश लगा है।

**समृद्ध नारी, सशक्त छत्तीसगढ़**-राज्य शासन का यह समेकित दृष्टिकोण इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड केवल एक प्रशासक की नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। सामूहिक नेतृत्व और संस्थागत सुधारों पर जोर देने से आज छत्तीसगढ़ की बेटियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। वनांचल की महिलाओं के चेहरे पर उपजी मुस्कान एक समृद्ध और स्वावलंबी छत्तीसगढ़ की सच्ची तस्वीर पेश कर रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए नए विचारों से भरा रहने वाला है। जो लोग शिक्षा के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहते है उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पहले से चली आ रही समस्या आज सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको बहुमूल्य काम पूर्ण की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे आज आप किसी बचपन के मित्र से मिलने जाएंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर कार्य योजनाएं आज पूरी हो सकती है। आपके द्वारा किये गये काम के कारण आज समाज में आपको सम्मान मिल सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। जो भी नया काम करना है, आज उसे पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे और ऑफिस के भी कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप से कोई मदद मांग सकता है आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज कार्य करते समय अपने व्यवहार में धैर्य और समझदारी बनाए रखें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आपके धार्मिक आयोजन में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नई योजना बनाएंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज किसी बुजुर्ग की सलाह आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। रिश्तों के मामले में आज आपको पुरानी बातें भूल करके नई शुरुआत करना चाहिए।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं।

**व्यंग्य**

## बदबू के बीच खुशबू की तलाश

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

चमेली ने अभी पत्तल में दो सूखी रोटियाँ और नमक-मिर्च की चटनी करीने से सजाई ही थी कि गलियारे में जूतों की चरमराहट गूँजी। पेट के भीतर चूहे कत्थक कर रहे थे और बाहर सूरज खोपड़ी पर तांडव मचा रहा था। "चमेली! ओ चमेली! जल्दी आ, तीसरी बी में लड़के ने उल्टी कर दी है। सब बजबजा रहा है," चपरासी ने मुँह बिगाड़कर सूचना दी। चमेली के हाथ में निवाला था, आँखों में भूख की नमी। उसने डबडबाई आँखों से दफ़्तर की ओर देखा जहाँ पंखे की हवा में हेडमास्टर साहब अपनी तोंद सहला रहे थे। "साहब, बस दो कौर खा लूँ... सुबह से चाय की एक घूँट भी न उतरी हलक से," उसने गिड़गिड़ाते हुए कहा। उसकी आवाज़ में वही थरथराहट थी जो पतझड़ के आखिरी पत्ते में होती है। साहब ने चश्मा नाक पर टिकाया और बोले, "भोजन? यह सरस्वती का मंदिर है चमेली, कोई ढाबा नहीं। घंटी बजने वाली है, क्या बच्चे उस दुर्गंध में क ख ग घ सीखेंगे? पहले सफ़ाई, फिर शिष्टाचार।" चमेली के सामने उसकी भूख एक अपराधी की तरह सिर झुकाए खड़ी थी। वह उठी, हाथ धोए नहीं बल्कि पोंछ लिए, क्योंकि साफ़ पानी तो केवल साहब के सुराही में था। वह कक्षा की ओर बढ़ी। गलियारे में पसरी हुई वह गंध शिक्षा की गरिमा को चुनौती दे रही थी। बच्चे नाक पर रुमाल दबाए ऐसे देख रहे थे जैसे चमेली ही उस गंदगी की जननी हो। उसने बाल्टी उठाई। फिनाइल की तीखी गंध और उस अर्द्ध-पचित भोजन के ढेर के बीच एक अजीब सा युद्ध छिड़ा था। वह झुककर पोंछा लगाने लगी। हर रगड़ के साथ उसका अपना खाली पेट मरोड़ खा रहा था। "जल्दी कर चमेली, देर हो रही है," मास्टर जी ने दूर से ही डंडा फटकारा। चमेली को लगा कि वह ज़मीन नहीं, अपनी ही अंतड़ियों को साफ़ कर रही है। साहब का तर्क पत्थर की लकीर था—ज्ञान के मार्ग में दुर्गंध का क्या काम? चाहे वह दुर्गंध किसी भूखे पेट की आह से निकल रही हो या किसी बीमार बच्चे के पेट से। उसने एक-एक कण को ऐसे समेटा जैसे अपनी ही खुशियों के अवशेष बटोर रही हो। फिनाइल के सफ़ेद झाग में उसकी भूख का रंग कहीं ओझल हो गया था। काम खत्म हुआ। पसीने से तर-बतर चमेली वापस अपनी पत्तल के पास पहुँची। रोटियाँ अब पत्थर हो चुकी थीं और चटनी पर मक्खियाँ अपना साम्राज्य स्थापित कर चुकी थी। उसने कांपते हाथों से जल का लोटा उठाया। तभी हेडमास्टर साहब टहलते हुए आए। "देख लिया न? काम पहले है। अब चैन से खाओ, आत्मानुभूति के साथ," उन्होंने एक ऐसी मुस्कान फेंकी जो किसी भी गरीब की पत्तल में ज़हर घोलने के लिए काफी थी। चमेली ने निवाला तोड़ा। पर वह क्या? उसके गले में कुछ अटक गया। उसे लगा कि वह गंध, वह फिनाइल, वह घृणा सब उसके निवाले में समा गए हैं। उसने ज़ोर से अपनी आँखें मीचीं। साहब मुस्कुरा रहे थे, जैसे उन्होंने एक बड़ा तीर मार लिया हो। चमेली को लगा कि उसका गला घुट रहा है। वह भागकर नल की ओर गई, पर पानी सूखा था। "साहब, आखिर किसका बच्चा था वह? इतनी कम उम्र में इतना बदबूदार खाना?" चमेली ने हाँफते हुए पूछा। उसकी आवाज़ में एक रिरियाहट थी, एक टीस थी जो शायद साहब के कोट के बटन तक भी नहीं पहुँच सकती थी। साहब ने बड़ी शान से अपनी घड़ी देखी और बोले, "अरे वह... वह तो मेरा ही छोटा वाला था। आज सुबह उसे घी के परांठे और बादाम का हलवा खिला दिया था, शायद पच नहीं पाया। कलक्टर बनेगा वह, अभी से पेट भारी रखने की आदत डाल रहा है।" चमेली का हाथ रुक गया। उसने अपनी पत्तल की ओर देखा जहाँ सूखी रोटी उसका मज़ाक उड़ा रही थी। एक अजीब सा सन्नाटा पूरे स्कूल में पसर गया। पंखा चल रहा था, पर हवा कहीं मर गई थी। चमेली की आँखों से एक आँसू टपका और सीधे नमक की डली पर जा गिरा। अचानक चमेली खिलखिलाकर हँस पड़ी। ऐसी हँसी जो श्मशान के सन्नाटे को चीर दे। साहब ठिठक गए। "पागल हो गई है क्या?" उन्होंने डाँटा। चमेली ने अपनी पत्तल उठाई और उसे कूड़ेदान में उलट दिया। उसने अपनी साड़ी के पल्लू से हाथ पोंछे और साहब की आँखों में आँखें डालकर बोली, "साहब, आपका लाल कलक्टर ज़रूर बनेगा। आखिर उसके पेट का कचरा साफ़ करने के लिए भी तो उसने एक माँ को ही चुना। पर अफ़सोस, आज मैंने आपके बेटे की उल्टी साफ़ नहीं की।" साहब भड़के, "क्या बक रही है? अभी तो तूने रगड़-रगड़ कर फर्श चमकाया है!" चमेली ने मुस्कुराते हुए अपनी कोख पर हाथ रखा और कहा, "साहब, वह मेरा अपना बेटा था, जो आज सुबह से भूखा होने के कारण क्लास में गश खाकर गिरा और पित्त उगल दिया। मैं जिसे 'साहब का लाल' समझकर साफ़ कर रही थी, वह मेरे ही खून का आखिरी अंश था जो भूख बर्दाश्त नहीं कर पाया। शिक्षा के मंदिर में आज एक माँ ने अपने ही बच्चे की भूख को फिनाइल से धो दिया।" साहब का चेहरा सफ़ेद पड़ गया, जैसे किसी ने उनके चेहरे पर वही फिनाइल उड़ेल दी हो। चमेली स्कूल के गेट से बाहर निकल रही थी, पीछे मुड़कर उसने नहीं देखा कि मंदिर की घंटी बज रही थी या किसी का ज़मीर।

## # Minab 168:महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत

**तनवीर जाफ़री**



अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई,अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया। याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस # Minab 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ़,ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके ख़ून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौक़ा था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज़ से बेनक़ाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाक़ात की। अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का ख़ून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

डेमोक्रेट्स द्वारा साफ़ तौर पर इसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की "भयानक ग़लती" भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हज़ारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने "हैंड्स ऑफ़ ईरान" के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी ज़ोरदार मांग हुई। बहरहाल,इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में 'युद्धापराध ' अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो 'युद्धापराध ' अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमेरिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहाँ लाखों लोगों की हत्यायें की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहाँ न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गये थे। इसी तरह 2003 के ईराक़ युद्ध के दौरान अबूग़रेब जेल में क़ैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक़ में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं। इसी तरह अफ़ग़ानिस्तान में भी नागरिक हत्या,बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज़ पर इस्राईल भी लेबनॉन,पश्चिमी किनारे व ग़ज़ा के इलाक़ों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकट्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाये उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है। परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख़ पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस क़द्र गूँज रही हैं कि मानवीय ह्रदय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाये। तभी ट्रंप प्रशासन इस घटना से पल्ला झाड़ने की असफल कोशिश करता भी दिखाई देता है। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि मिनाब स्कूल हमले की वजह से और ईरान युद्ध नीति के चलते ही अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता नकारात्मक 20-23% तक गिर गई है। इसी तरह के विरोध के चलते ट्रंप ने अपने कई अधिकारियों को बर्ख़ास्त कर दिया जबकि कई ने इस्तीफ़ा देकर अपनी इज़्ज़त बचने में ही अपनी भलाई समझी। कहना ग़लत नहीं होगा कि मासूमों की शहादत को याद दिलाने वाला प्रतीक '# Minab 168' पूरे विश्व में नरसंहार की इबारत लिखने वाली महाशक्ति को बेनक़ाब कर छोड़ेगा तथा इसके पतन का कारण भी बनेगा।

## सू- दोकू क्र.027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -027

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## एक नजर

### कमर्शियल सिलेंडर पर 993 और 5 किलो सिलेंडर के दाम में 261 रुपए की बढ़ोतरी

**जगदलपुर 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अनुराग महतो ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है।मोदी सरकार ने आज कमर्शियल LPG सिलेंडर के दाम में एक मुश्त ?993 की अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर दी है, जबकि गरीब, प्रवासी मजदूरों और छोटे परिवारों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो सिलेंडर के दाम भी ?261 बढ़ा दिए गए हैं। बीते पांच माह में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में कुल ?1510 की वृद्धि हो चुकी है। इस अवधि में हुई बढ़ोतरी इस प्रकार है जनवरीः 111, फरवरीः 50, मार्चः 146, अप्रैलः 218, मईः 993, अनुराग महतो ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 28 अप्रैल को ही स्पष्ट चेतावनी दी थी कि चुनाव समाप्त होते ही LPG,पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाएंगे। आज उनका यह पूर्वानुमान सही साबित हो गया है। सरकार की नीति पर सवालः यह बढ़ोतरी आम जनता, होटल-रेस्टोरेंट, ढाबा, छोटे उद्योगों और प्रवासी मजदूरों पर महंगाई का घातक प्रहार है। पहले से ही डीजल की कमी और महंगाई से जूझ रहे व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं। कई जगह रेस्टोरेंट-होटल बंद हो चुके हैं और सैकड़ों श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से मंदी की मार झेल रहे उद्योगों और रोजगार संकट से जूझ रहे मजदूरों पर और गहरा संकट मंडराएगा। अनुराग महतो ने कहा,मोदी सरकार का एकमात्र उद्देश्य पेट्रोलियम कंपनियों और चंद पूंजीपतियों को मुनाफा पहुंचाना है। आम जनता की जेब से लूटकर उनकी तिजोरियां भरना है। जिला महामंत्री अनुराग महतो ने कहा हमारी केंद्र सरकार से स्पष्ट मांग की है कि जनहित में कमर्शियल एवं 5 किलो LPG सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि तुरंत वापस ली जाए। आम जनता को महंगाई की इस मार से बचाने के लिए तत्काल राहत प्रदान की जाए।

### बस की टक्कर से एक ग्रामीण युवक की हुई मौत




**बीजापुर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर भैरमगढ़ के पटेलपारा के पास आज शनिवार सुबह 6:30 बजे बीजापुर से जगदलपुर की ओर जा रही विश्वनाथ बस ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में युवक समरथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक युवक बेहद गरीब परिवार से था और अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। बताया जा रहा है कि युवक अपने बुजुर्ग माता-पिता का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब माता-पिता के सामने जीवन यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हादसे के बाद बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जादू-टोना के शक में एक ग्रामीण की हत्या के मामले में 2 आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र के पखनार गांव में जादू-टोना के शक में दो सगे भाइयों ने मिलकर एक ग्रामीण की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली के अनुसार, 30 अप्रैल को मंगलू मंडावी अपने घर के पास आम के पेड़ के नीचे बैठा था। इसी दौरान गांव के आयतु मड़कामी और सुखराम मड़कामी शराब के नशे में पहुंचे और उस पर जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आयतु ने चाकू से मंगलू के सीने पर हमला कर दिया। इसके बाद सुखराम ने चाकू छीनकर उसका गला रेत दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपित जंगल की ओर भाग गए, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर आज 2 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में रवाना कर दिया गया है।

# महापौर ने जनगणना का किया निरीक्षण, डोर-टू-डोर पहुंचकर ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 3 मई।** भारत सरकार द्वारा 1 मई से प्रारंभ किए गए जनगणना कार्य के तहत नगर निगम क्षेत्र में गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में महापौर संजय पांडेय स्वयं मैदानी स्तर पर उतरकर जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लेने इंदिरा वार्ड पहुंचे। उन्होंने डोर-टू-डोर पहुंचकर न केवल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया, बल्कि गणनाकारों (प्रगणकों) और सुपरवाइजरों से भी विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि किस प्रकार टीमों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता, सटीकता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी घर या व्यक्ति की जानकारी छूटने न पाए।

महापौर पांडेय ने मौके पर मौजूद जनगणना कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कार्य केवल आंकड़े जुटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की भावी योजनाओं की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से भी संवाद किया और जनगणना के महत्व को समझाया। महापौर ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही, पूर्ण और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि शासन को वास्तविक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

महापौर ने आगे कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी हों सभी का आधार जनगणना के आंकड़े ही होते हैं। यदि जानकारी गलत या अधूरी दी जाती है तो योजनाओं के लाभ प्रभावित हो सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के लिए कहा गया।

अंत में महापौर ने नागरिकों से सहयोगात्मक रवैया अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि एक जागरूक नागरिक के रूप में यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। महापौर संजय पांडेय के साथ एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, शशिनाथ पाठक, आनंद झा आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण कुंज फिर बना आग का कुंड

## दूसरे साल भी आग लगी,विभागीय लापरवाही पर भड़के लोग






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद (भखारा )3 मई।** नगर पंचायत भखारा स्थित कृष्ण कुंज एक बार फिर भीषण आग की चपेट में आ गया। लगातार दूसरे वर्ष हुई इस घटना ने जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हरियाली बचाने के बड़े-बड़े दावे करने वाला तंत्र इस बार भी आग के आगे बेबस नजर आया, और देखते ही देखते सैकड़ों छोटे-बड़े पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। छत्तीसगढ़ शासन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कृष्णाकुंड वृक्षारोपण कार्य वन परिक्षेत्र धमतरी वन मंडल धमतरी कृष्ण कुंज वृक्षारोपण नगर पंचायत भखारा उक्त स्थान पर नागरिक सूचना पटल भी नहीं लगा है। कौन सा सन और कितने का बजट है एक उल्लेख होता है नागरिक सूचना पटल में । इस कृष्ण कुंज में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। जबकि साफसफाई के नाम से बजट आता है।

### योजना कागजों में, जमीनी हकीकत अलग

पूर्व में राज्य शासन द्वारा कृष्ण कुंज योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर इस क्षेत्र में मिश्रित छायादार ,फलदार ,पौधों का रोपण कराया गया था। उद्देश्य था हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना। लेकिन मेंटेनेंस पर खर्च के बावजूद जमीनी स्तर पर सुरक्षा और देखरेख की भारी कमी उजागर हो रही है।

### आग लगने से फिर हरियाली नष्ट हुई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूखी घास, झाड़ियों और खेतों में जलाई जा रही पराली के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। कुछ ही समय में पूरी हरियाली आग की लपटों में समा गई। कई पेड़ पूरी तरह जल गए, जबकि बचे हुए पौधे भी बुरी तरह झुलस गए।

स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण नुकसान को रोका नहीं जा सका।

### जनता में भारी आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्रवासियों में गुस्सा साफ देखा गया। लोगों का कहना है–

लगातार दो साल से आग लग रही है, लेकिन कोई जिम्मेदारी लेने वाला नहीं है। सिर्फ कागजों में काम होता है। अगर समय पर झाड़ियों की सफाई होती, तो आग इतनी नहीं फैलती। साफसफाई के नाम पर लाखों खर्च होते हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखता।

### उठते सवाल

लगातार दो साल से आग लगने के बाद भी ठोस उपाय क्यों नहीं?

सूखी घास और झाड़ियों की सफाई क्यों नहीं हुई?

सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था क्यों नदारद है?

खर्च के बावजूद जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हो रही?

### विभाग का पक्ष

कुरूद रेन्जर ध्रुव से इस संबंध में पक्ष जानना चाहा उन्होंने काहा मेरे जगह नया रेंजर प्रधान आया है। उनसे बात कर लीजिए मैं नंबर दे रहा हूं। प्रधान सर फोन स्वीकार नहीं किये। मोबाइल नंबर 75870 11511 है।

डिप्टी रेजर कुरूद, एरावत सिंह मधुकर ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। उनके अनुसार, पिछले वर्ष की तरह इस बार भी खेतों में पराली जलाने के कारण आग फैली। संबंधित किसान को पहले ही चेतावनी दी गई थी और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## पंडरीतराई तालाब एवं रोड का महापौर संजय पांडेय ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर3 मई।** नगर पालिका निगम जगदलपुर के छत्रपति शिवाजी एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड की सीमा पर बनने वाले पंडरीतरई तालाब एवं लोकमान्य तिलक, छत्रपति शिवाजी एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड मे एमपीएम हॉस्पिटल रोड,एलआईसी ऑफिस रोड एवं सरस्वती शिशु मंदिर रोड कंगोली मे बनने वाले ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण कार्यो का निरीक्षण करने जगदलपुर महापौर संजय पांडे पहुंचे। महापौर संजय पांडे ने पंडरीतरीय तालाब मे वाटर कैचमेंट एरिया को बढ़ाने एवं तालाब की गहरीकरण पर जोर दिया। वार्ड वासियों की मांग पर एक बोर खनन करने को भी कहा। ड्रेन टू ट्रेन बनने वाले रोड की गुणवत्ता को ध्यान देते हुए निर्माण एजेंसी को दिशा निर्देश दिए।

महापौर संजय पांडे ने कहा पंडरीतराई तालाब ऐतिहासिक तालाब के रूप में बनने जा रहा है। वार्ड वासियों के अनुरूप तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ड्रेन टू ड्रेन रोड बनने से लोगों को आवागमन में असुविधा नहीं होगी।निरीक्षण के दौरान जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तालाब के वाटर कैचमेंट एरिया के विस्तार एवं गहरीकरण कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिया हूँ साथ ही वार्डवासियों की मांग पर अतिरिक्त खुदाई कराने पर भी सहमति व्यक्त किया हूँ ताकि वर्षा जल का बेहतर संचयन हो

इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सभापति श्री निर्मल पाणिग्रही जी, गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद एवं सभापति राजस्व संग्राम सिंह राणा जी, छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद श्याम सुंदर बघेल जी, लोकमान्य तिलक वार्ड पार्षद संतोष गौर,अतुल कौशल,नीलिमा यादव, ईई गोपाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति थे।

# भीषण गर्मी से जंगल में सूखे जलस्त्रोत तो वन्य जीव आबादी वाले इलाकों में आ रहे प्यास बुझाने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 3 मई।** जिले में तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण भीषण गर्मी व लू भी चल रही है। भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों की वजह से आम लोगों के साथ ही पशु-पक्षियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है, पक्षी तेज गर्मी सहन नहीं कर पा रहे हैं। जलस्त्रोत में आई कमी के कारण पक्षी मारे जा रहे हैं। जंगल में जल स्त्रोतों के सूखने से वन्य जीव आबादी इलाकों की ओर आ रहे हैं। कहीं भालुओं के समूह को गोठान की टंकी से प्यास बुझाते देखा जा रहा है तो कहीं वानरों का समूह पानी के बोर के पास आकर अपनी प्यास बुझाते दिख रहे हैं। गर्मी के दिनों में मुर्गा व्यापरियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मौसम में मुर्गे-मुर्गियां ज्यादा तापमान सहन नहीं कर पाती है। मुर्गी विक्रेता मुर्गियों को बचाने कूलर-पंखे व जाली को गीले बोरे से ढंककर रखा जा रहा है।

कांकेर रेस्ट हाउस के पास नेशनल हाइवे के किनारे आज शनिवार की दोपहर 12 बजे कई पक्षी मृत हालत में मिला। गर्मी के दिनों में जल स्रोत सूख जाने से और समय पर पानी नहीं मिलने से पक्षी मर जाते हैं। तेज गर्मी का असर बंदरों पर भी दिखाई दे रहा है। पुराना बस स्टैंड के पास से गुजरने वाली दूध नदी सूख जाने से पशुओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बंदर अपनी प्यास बुझाने शहर की ओर पहुंच रहे और दुकान के सामने भरे बाल्टियों में पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। धूप और गर्मी का असर भालू में भी देखने को मिला है। ग्राम डुमाली के गौठान में बने सीमेंट के पात्र में पानी भरा हुआ था। कुछ दिनों पूर्व तीन भालू यहां पहुंचे और नहाते हुए दिखाई दिए। इस दृश्य को वहां मौजूद लोगों ने अपने कैमरों में कैद कर लिया था।

### बस्तर मुन्ने और सुशासन तिहार के तहत जिले के 100 गांव में लगाए गए शिविर

**कांकेर,3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार 2.0 के तहत जिले में आज 100 गांवों में शिविर लगाकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया गया। अभियान के तहत अंतागढ़ विकासखण्ड के 38 गांव, कांकेर विकाखण्ड के 09, चारामा के 11, दुर्गूकोंदल के 21, नरहरपुर के 11 और भानुप्रतापपुर के 10 गांवों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कोदागांव एवं मांदरी के आश्रित गांव साल्हेभाट में आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान साल्हेभाट में 05 राशन कार्ड एवं 02 आयुष्मान कार्ड संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार कोदागांव में आयोजित शिविर में राशन कार्ड 06, व्यक्तिगत शौचालय के 06 एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से संबंधित 01 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## कार सड़क पर खड़ी भैंसों से टकराकर पलटी, 3 भैंस गंभीर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 3 मई।** जिले के धनोरा चौक के पास तेज रफ्तार एक कार सड़क पर खड़ी भैंसों से टकराकर पलट गई, इस भीषण सड़क हादसे में सड़क पर खड़ी 3 भैंस गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार सुबह 5 बजे एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी -7-सीवाय-3888 घनौरा चौक के पास पंहुची इस दौरान अंधेरा होने के कारण कार के चालक को सड़क पर खड़े मवेशी दिखाई नहीं दिए, जिससे यह हादसा हुआ। इस हादसे में 3 भैंसें गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर आस-पास के स्थानीय लोगों ने घायल कार चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए भिजवाया।

# नक्सलवाद के खात्मे के बाद अंतिम छोर पर स्थित गोगुंडा में दिखने लगा बदलाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 3 मई।** जिले के कोंटा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित गोगुंडा पंचायत और उससे जुड़े मीचिगुड़ा गांव में बदलाव दिखने लगा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सलवाद के खात्मे के बाद प्रशासन ने जिस तरह इस क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने का बीड़ा उठाया, वह अब जमीन पर दिखने लगा है। एक करोड़ रुपये की लागत से यहां विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है, जहां कभी स्कूल और आंगनबाड़ी की कल्पना भी मुश्किल थी, वहां अब बच्चों की किलकारियां गूंज रही हैं। पीडीएस भवन बन रहा है, ताकि राशन के लिए दूर-दूर भटकना न पड़े। गांव में दो महीने पहले आई बिजली ने भी जीवन को नई रोशनी दी है। जहां पहले अंधेरा ही अंधेरा था, वहां अब रोशनी है सिर्फ बल्ब की नहीं, बल्कि उम्मीदों की अब बच्चे पढ़ पा रहे हैं, महिलाएं घर के काम आसानी से कर पा रही हैं और गांव में एक नई ऊर्जा



का संचार हुआ है।

नक्सल क्षेत्र में बड़ी स्क्रीन पर पहली बार फिल्में देखना, क्रिकेट मैच का आनंद लेना और देश-दुनिया की खबरों से जुड़ना यह सब उन ग्रामीणों के लिए नया अनुभव है, जिन्होंने अब तक सिर्फ संघर्ष ही देखा था। यह कक्ष सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और मानसिक सुकून का केंद्र बनने जा रहा है। गोगुंडा में तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू हुई है और यह अपने आप में ऐतिहासिक है7 आजादी के बाद पहली बार इस पंचायत में तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा है। करीब 200 परिवारों के लिए यह सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का जरिया बन गया है।

एक समय था जब ग्रामीण डर के साए में जीते थे। फड़ तक जाना भी जोखिम भरा होता था। नक्सलियों के डर से लोग अपनी मेहनत का सही मूल्य नहीं पा पाते थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। पूर्व सरपंच माड़वी देवा की आंखों में चमक साफ दिखती है, जब वे बताते हैं कि अब लोग बिना डर के फड़ तक पहुंचते हैं और खुलेआम अपनी उपज बेचते हैं। इस बदलाव में महिलाओं की भूमिका भी बेहद अहम है। मुचाकी गंगी का फड़ मुंशी बनना इस बात का संकेत है कि अब बस्तर की महिलाएं सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। मुचाकी देवे और हेमला मंगला जैसी महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्हें घर के पास ही काम मिल रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। यह सब कुछ आसान नहीं था, यह वही इलाका है, जहां कभी नक्सली घटनाएं आम थीं। सड़कें काट दी जाती थीं, पुल उड़ा दिए जाते थे और विकास कार्यों को रोक दिया जाता था। सरकारी अमला यहां आने से कतराता था, लेकिन अब वही प्रशासन यहां डेरा डालकर काम कर रहा है।

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि गोगुंडा जैसे सुदूर और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। तेंदूपत्ता खरीदी की शुरुआत और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार यह दिखाता है कि अब यहां विश्वास और शांति का माहौल बना है। हमारा लक्ष्य है कि अंतिम छोर तक हर ग्रामीण को योजनाओं का लाभ मिले। डीएफओ अक्षय भोसले ने कहा कि गोगुंडा में पहली बार तेंदूपत्ता खरीदी शुरू होना ऐतिहासिक कदम है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। वन संपदा अब लोगों की आजीविका और विकास का मजबूत आधार बन रही है।

## सुशासन तिहार की घोषणाएं हुई जमीन पर साकार, मांदरी गांव में दिखा विकास का असर

**कांकेर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणाएं अब धरातल पर दिखाई देने लगी हैं। कांकेर विकासखंड के ग्राम मांदरी में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

ग्राम पंचायत मांदरी के उपसरपंच छबिलाल कुमेटी ने बताया कि पिछले वर्ष सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री द्वारा गांव के विकास के लिए विभिन्न कार्यों की घोषणा की गई थी, जिनका कार्य अब पूरा हो चुका है। ग्राम मांदरी में लगभग 40 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं।

इन कार्यों में हाई स्कूल मांदरी में 20 लाख रुपए की लागत से अहाता निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इसके अलावा साल्हेभाट मुख्य मार्ग से तीरऊ सलाम घर तक 600 मीटर सीसी रोड का निर्माण 5 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। वहीं गांव के आंगनबाड़ी भवन का उन्नयन कार्य भी 5 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम मांदरी के पूर्व सरपंच दशरथ कुरेटी ने बताया कि गांव वालों की प्रमुख मांग हाई स्कूल परिसर में अहाता निर्माण की थी। पहले स्कूल परिसर खुला होने के कारण यहां असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब अहाता निर्माण हो जाने से स्कूल परिसर सुरक्षित हो गया है और बच्चे बेहतर माहौल में पढ़ाई कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के जीर्णोद्धार की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों के पूरा होने से गांव में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ,मेधावी विद्यार्थी किए गए सम्मानित

**रायपुर, 3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 के तहत जिले में 1 मई से 10 जून तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

इसी क्रम में आज जांजगीर चांपा के जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम सरखों में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई।



शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबियां भी सौंपी गईं। शिविर में कुल 1334 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1265 मांग एवं 69 शिकायतें शामिल हैं।

कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्री ब्यास कश्यप ने कहा कि शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए और सभी आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े एवं जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने भी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कहा कि जिले में शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है और प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प कोर्ट के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा सभी आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, कृषि, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, श्रम, वन, जल संसाधन, विद्युत सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिमगा 3 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिंगनी निवासी 20 वर्षीय युवक गणेशराम वर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना 30 अप्रैल 2026 को प्राप्त हुई। जानकारी के अनुसार, मृतक गणेशराम वर्मा पिता गोवर्धन वर्मा, उम्र 20 वर्ष, ने 29 अप्रैल 2026 की रात 10:30 बजे से 30 अप्रैल 2026 की सुबह 6:00 बजे के बीच अपने घर के कमरे में सीलिंग फैन से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचक गोवर्धन वर्मा की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्रवाई में लिया। प्रारंभिक पूछताछ एवं जांच में मृतक द्वारा बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस द्वारा शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराकर मर्ग पंजीबद्ध किया गया है तथा मामले की जांच जारी है।

### वाटर स्पोर्ट्स: सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर ,3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मध्य प्रदेश में हाल ही में हुई क्रूज हादसे की दुखद घटना के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए सुरक्षा मानकों का सुदृढ़ता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जन सुरक्षा के विषय में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने धमतरी और कोरबा सहित अन्य सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वहां सुरक्षा मानकों का तत्काल परीक्षण (सुरक्षा ऑडिट) सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित वाटर स्पोर्ट्स स्थलों पर उपयोग में लाए जा रहे उपकरणों का नियमित तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन की तैनाती की जाए, तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समुचित आपातकालीन प्रबंधन तंत्र सक्रिय रखा जाए। इसके साथ ही रेस्क्यू उपकरणों, लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।उन्होंने कलेक्टरों को यह भी निर्देशित किया कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें तथा किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों/संचालकों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यकतानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन नागरिकों एवं पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं मानक अनुरूप संचालित हों, जिससे संभावित जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिए कि इन सभी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए और समय-समय पर इसकी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सतर्कता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए ही हम जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

### प्रदेश में 10वाँ स्थान लाने वाली महेश्वरी और यश खोब्रागढे दिव्यांग छात्र को जिला प्रशासन ने सराहा

**कांकेर 3 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कांकेर जिले की छात्रा कुमारी महेश्वरी और यश ने प्रदेश स्तर पर कक्षा 12वीं कला संकाय में दसवाँ स्थान प्राप्त कर जिले, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अत्यंत गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली इस छात्रा की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिस्थितियाँ भी प्रतिभा और परिश्रम के आगे टिक नहीं सकतीं । सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी के निर्देश पर यश को डीईओ और डीएमसी के माध्यम से शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया है । कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी स्वयं छात्रा कु. महेश्वरी के निवास स्थान पहुंचे और उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने छात्रा के माता-पिता को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी बेटी ने कठिन हालातों में शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद महेश्वरी और यश ने कला व वाणिज्य संकाय जैसे विषय में प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# निर्माण गुणवत्ता में जरा भी लापरवाही नहीं चलेगी: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर 3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बेमेतरा जिले के नगर पंचायत दाढ़ी क्षेत्र में हाल ही में निर्मित सीसी रोड के अल्प समय में ही क्षतिग्रस्त होने संबंधी प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने बेमेतरा की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे प्रकरण की विस्तृत एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित सीसी रोड का तकनीकी परीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए तथा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, कार्य की गुणवत्ता और पर्यवेक्षण व्यवस्था की समग्र जांच की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि यदि जांच में गुणवत्ता में कमी, मानकों का उल्लंघन अथवा किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क का त्वरित रूप से पुनर्निर्माण कर आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी निर्देश दिए कि जिले में संचालित अन्य निर्माण कार्यों की भी विशेष समीक्षा की जाए, ताकि कहीं और इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की मूल जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध जवाबदेही तय होगी और कार्रवाई अनिवार्य होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सतत मॉनिटरिंग, फील्ड निरीक्षण और प्रभावी गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र के माध्यम से विकास कार्यों की विश्वसनीयता एवं टिकाऊपन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है - जनहित के प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशभर में निर्माण कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद अधोसंरचना का लाभ मिल सके।

## सुशासन तिहार 2026: प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने तैयारियों की समीक्षा



**रायपुर,3 मई।** जांजगीर-चांपा जिले में सुशासन तिहार 2026 के प्रभावी संचालन को लेकर वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनसमस्या निवारण शिविरों के संचालन, प्राप्त आवेदनों के निराकरण, विभागीय समन्वय एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई।

प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध निराकरण किया जाए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का विभागवार वर्गीकरण कर नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां संभव हो, समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए ताकि नागरिकों को तत्काल राहत मिल सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं त्रुटि सुधार जैसे लंबित मामलों को प्राथमिकता से सुलझाने पर जोर दिया। साथ ही, कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को उन्नत एवं लाभकारी फसलों के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सुशासन तिहार के तहत की जा रही तैयारियों, आयोजित शिविरों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति विद्युत पोल में लगे 310 छोटे-बड़े पोस्टर निगम की टीम ने हटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 मई।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में शहर के विभिन्न क्षेत्रो से विद्युत पोलों में बिना अनुमति लगे छोटे बड़े पोस्टर व फ्लेक्स को निगम की टीम ने हटाई।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। निर्देशानुसार निगम की टीम द्वारा अवैध बोर्ड हटाने की कार्यवाही समय समय पर कर रही है।




कार्यवाही के तहत निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों महावीर चौक से आर.के.नगर चौक तक, महाराणा प्रताप चौक, कमला कालेज रोड, गौरव पथ, रायपुर नाका से आम्बेडकर चौक के विद्युत व अन्य पोलो में छोटे बड़े पोस्टर लगाकर नगर निगम की बिना अनुमति के विज्ञापन प्रकाशन किया जा रहा था। इस संबंध में संबंधितो को समझाईस भी दी गयी थी। जिसपर कार्यवाही करते हुए उपरोक्त क्षेत्र में लगे 310 छोटे बड़े बेनर पोस्टर, फ्लेक्स हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त ने कहा है कि बिना अनुमति के बेनर, पोस्टर या किसी भी प्रकार का विज्ञापन बोर्ड लगाने पर संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

### सुशासन तिहार में भवन सिंह को मिली किसान किताब

**रायपुर, 3 मई।** राज्य शासन की जनोन्मुखी पहल सुशासन तिहार अब ग्रामीण अंचलों में भरोसे और समाधान का पर्याय बनते जा रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के विकासखंड मरवाही के ग्राम पंचायत सेमरदर्री में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक किसान की वर्षों पुरानी समस्या का मौके पर ही समाधान कर प्रशासन ने संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत नाका निवासी किसान भवन सिंह लंबे समय से अपनी किसान किताब बनवाने के लिए प्रयासरत थे। विभिन्न स्तरों पर प्रयास करने के बावजूद उनका कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा था। एक मई को सेमरदर्री में आयोजित सुशासन तिहार की जानकारी मिलते ही भवन सिंह ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्या दर्ज कराई। आवेदन को प्राथमिकता में लेते हुए राजस्व विभाग द्वारा तत्काल जांच एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। तत्पश्चात, शिविर स्थल पर ही उन्हें किसान किताब प्रदान कर दी गई।

# जनगणना-27 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य

- ■ शहर के प्रथम नागरिक के घर से मकान गणना का हुआ शुभारंभ
- ■ महापौर ने जनगणना कार्य में सहयोग करने नागरिको से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 मई।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जायेगा। गत अप्रैल माह में मकान नम्बरिंग एवं स्व गणना का कार्य किया गया, मकान गणना के लिए जनगणा कार्य में लगे सुपरवाईजर एवं प्रगणक घर घर जाकर निर्धारित बंदुओ पर जानकारी एकत्रित करेंगे। आज निगम सीमाक्षेत्र में मकान सूचीकरण कार्य मोतीपुर वार्ड नं. 8 से शहर के प्रथम नागरिक के घर से मकान गणना कर शुभारंभ किया गया। जहाँ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने सुपरवाईजर व प्रगणक को अपनी पारिवारिक जानकारी देते हुए जनगणना कार्य में सहयोग करने नागरिको से अपील किए। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य निगम सीमाक्षेत्र में आज 1 मई से प्रारंभ हो गया। मकान सूचीकरण कार्य 337 ब्लाक में 56 सुपरवाईजर एवं 337 प्रगणको के द्वारा घर घर जाकर मोबाईल के एच.एल.ओ. एप के द्वारा 32 कालम में मकान की स्थिति, परिवार की जानकारी, उपलब्ध सुविधाए और परिवार में मौजुद परिसम्पत्तियो की जानकारी ली जावेगी। आज जनगणना कार्य का शुभारंभ महापौर निवास के किया गया। महापौर श्री यादव द्वारा सुपरवाईजर व प्रगणक को निर्धारित प्रपत्र अनुसार अपने मकान एवं परिवार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।



इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि जनगणना के लिए दी जाने वाली जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रहेगी तथा इसमे किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जावेगा। यह जनगणना विकास योजनाओ के लिए आधार बनेगी और नागरिको द्वारा दी जाने वाली सही जानकारी के आधार पर भारत के विकास का सही रोड मेप तैयार होगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास में सभी नागरिक अपनी सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करे।

## मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुशासन तिहार की तैयारियों की विभागवार समीक्षा बैठक ली



**रायपुर, 3 मई।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, खाद-बीज भंडारण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत एवं पेयजल जैसी जनजीवन से जुड़ी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने श्सुशासन तिहारश् में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के मिल सके। मंत्री श्री यादव ने दुर्ग जिले के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सर्किट हाउस के सभाकक्ष में सुशासन तिहार की तैयारियों एवं विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाना और जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री यादव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधि समय-समय पर शिविरों का औचक निरीक्षण कर जनता से सीधे फीडबैक लेंगे।

प्रमुख विभागीय निर्देश- राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरणरू लंबित राजस्व प्रकरणों, विशेषकर समय-सीमा पार कर चुके मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। आम नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिक्षा एवं मॉडल स्कूल दुर्ग जिले में एक स्कूल को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही, आदर्श कन्या विद्यालय में छात्राओं को श्रम्म् और छम्म्ज् जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कोचिंग की व्यवस्था की जाए। छात्रावासों का सुधार- जिले के 34 छात्रावासों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने आदिवासी विकास आयुक्त को व्यापक निरीक्षण के निर्देश दिए। भोजन, स्वच्छता और सुरक्षा में कोई कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार करने को कहा। खाद्य एवं राशन वितरण- लंबे समय से एक ही व्यक्ति द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकानों की समीक्षा कर नए पात्र लोगों को अवसर दिया जाए। दुकानों में आगामी 3 महीने का राशन स्टॉक अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। स्वास्थ्य सेवाएँ- प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य हो। गाँवों में बीपी और शुगर की जाँच हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। मनरेगा एवं पौधारोपण- जून माह से पूर्व व्यापक पौधारोपण हेतु वनमण्डाधिकारी को भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए। कृषि एवं सिंचाई- सोसायटियों में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। किसानों को कम पानी वाली फसलों (सोयाबीन, अरहर, चना) के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जिले की 19 नई सोसायटियों में बीज की कमी न होने पाए। विद्युत व्यवस्था- मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत सर्वे कर आवश्यक बिजली पोल और अधोसंरचना का विस्तार किया जाए ताकि निर्बाध आपूर्ति बनी रहे। मंत्री श्री यादव ने अंत में सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों या आँकड़ों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए।

# सुशासन तिहार: सेमरदर्री में जनसमस्या निवारण शिविर बना समाधान का सशक्त मंच

**रायपुर, 3 मई।** सुशासन को जन-जन तक पहुँचाने और शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम छोर तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'सुशासन तिहार' का आयोजन किया गया। इसके तहत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही जनपद के दूरस्थ क्लस्टर ग्राम पंचायत सेमरदर्री में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर में 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें प्रस्तुत कीं। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। ग्राम पंचायत सेमरदर्री के इस शिविर में कुल 616 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि मौके पर ही उनका समाधान करना और योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण, ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण एवं ई-केवाईसी जैसी सेवाएं भी प्रदान की गईं। जिले में कुल 13 शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें से 10 ग्रामीण और 3 नगरीय क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं।



शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिनमें राजस्व विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को आबादी पट्टा, एक को वन अधिकार के तहत किसान किताब तथा एक को नवीन किसान किताब प्रदान की गई। परिवहन विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किए गए। मछली पालन विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को जाल एवं ट्रे प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चार गर्भवती माताओं की गोदभराई, एक शिशु का अन्नप्राशन तथा 11 बालिकाओं को नोनी सुरक्षा योजना का लाभ दिया गया। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरदर्री की कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, ताकि शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का संदेश प्रसारित हो सके। विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन कर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पंचायत का नागरिक अपनी सुविधा अनुसार किसी भी शिविर में समस्या रख सकता है, इसके लिए कोई भौगोलिक बाध्यता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से शासन की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक निरंतर पहुँच रहा है।

# सियासत हो या फिर शतरंज, दोनों का नियम है... 'बलि' प्यादों की चढ़ती है वजीरों को बचाने में...



छत्तीसगढ़ राज्य बने 25 साल पूरे हो चुके हैं इस दौरान 12 भाजपा विधायकों का दलबदल, अजीत जोगी के लिये भाजपा विधायक द्वारा इस्तीफा, हाल फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य (छग मुंगेली जिला निवासी) डॉ संदीप पाठक का भाजपा प्रवेश तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला का कांग्रेस छोड़ एनसीपी में जाने की चर्चा जरुरी है।2000 में मप्र से अलग होकर छत्तीस गढ़ राज्य का निर्माण हुआ और पहले सीएम बने आईपी एस, आईएएस अजीत प्रमोद कुमार जोगी।जोगी उस समय विधायक नहीं थे, उन्हें 6माह के भीतर विधायक बनने की बाध्यता थी, उन्होंने भाजपा के मरवाही के विधायक राम दयाल उइके से इस्तीफा दिला अपने लिये सीट रिक्त करवा ली, रामदयाल उइके कांग्रेस में शामिल हो गये। यह राज्य बनने के बाद पहला दलबदल था। उसके बाद अजीत जोगी ने ही भाजपा के 12 विधायकों का दलबदल कराकर कॉग्रेस में शामिल करा लिया जिसमें तरुण प्रसाद चटर्जी, गंगूराम बघेल, डॉ शक्राजीत नायक, परेश बागबाहरा आदि शामिल थे, हालांकि इस दलबदल की जरुरत नहीं थी पर जोगी ने यह दूसरा दलबदल कराया था। जोगी के सीएम बनने तथा स्वयं की उपेक्षा के चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला ने दलबदल कर एनसीपी (राष्ट्रवादी कॉग्रेस पार्टी ) की सदस्यता लेकर छग का पहला विस चुनाव भी लड़वाया, उनका हालांकि एक विधायक जीता पर भाजपा की सरकार बनाने में उन्होंने एक तरह से मदद ही की।इसे तीसरा दलबदल कह सकते हैं, हाल में छग के मूल निवासी पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य डॉ संदीप पाठक दलबदल कर भाजपा में शामिल हो गये हैं।संदीप पाठक छग के मुंगेली जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में भारतीय राजनीति के एक महत्वपूर्ण नाम बन गए हैं। वे अप्रैल 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। 24 अप्रैल 2026 को डॉ. संदीप पाठक ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है।वे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव और प्रमुख रणनीतिकार थे।उनके साथ राघव चड्ढा सहित के 7 राज्यसभा सांसदों नेएक साथ पाला बदला है। सांसदों ने दावा किया कि राज्यसभा में पार्टी की दो-तिहाई संख्या के साथ भाजपा में विलय किया है, ताकि दलबदल के कानून से बचा जा सके। डॉ. पाठक का भाजपा में जाना छत्तीसगढ़ की राजनीति के लिहाज से भी चर्चा का विषय है, क्योंकि उन्हें छग में 'आप' का भविष्य माना जा रहा था। उनके पिता छग में भाजपा से जुड़े रहे हैं।






### छत्तीसगढ़ में दल-बदल का इतिहास पुराना...

### विद्याचरण शुक्ल



छत्तीसगढ़ की राजनीति में दल-बदल का पुराना इतिहास है। राजनीति में कभी कद्दावर नेता रहे विद्याचरण शुक्ल इसके सबसे बड़े उदाहरण थे। अविभाजित मप्र के समय ही इंदिरा संजय गांधी के करीबी देश की राजनीति में अहं स्थान रखने वाले विद्याचरण शुक्ल 1989 में तब के पीएम राजीव गांधी का साथ छोड़ कर वीपी सिंह के जनतादल में चले गए और केंद्र में मंत्री बने। इसके बाद ही उनका राजनीतिक कैरियर बुरी तरह प्रभावित हुआ। वे फिर कांग्रेस में लौटे मंत्री बने, लेकिन तब अपेक्षित महत्व नहीं मिला। छत्तीसगढ़ बना तो विद्याचरण यहां सीएम बनना चाहते थे, लेकिन उनकी जगह जोगी सीएम बन गए। नाराज होकर एनसीपी में चले गए। एनसी पी 2003 के विधानसभा चुनाव में कुछ खास नहीं कर पाई तो वे भाजपा में चले गए। 2004 के लोकसभा चुनाव में महासमुंद से भाजपा की टिकट पर उतरे लेकिन कांग्रेस के अजीत जोगी से हार गए। 2013 में नक्सल घटना में मृत्यु तक वे राजनीति की मुख्यधारा से किनारे ही रहे।




### संत पवन दीवान....



दल-बदल की राजनीति के दूसरे बड़े नाम संत कवि पवन दीवान रहे हैं। अपनी मृत्यु के पहले तक कई बार दलबदल करते रहे। दीवान 1977 में जनता पार्टी से विधायक बने, मंत्री भी बनाए गए।1980 में वे जनता पार्टी से अलग हो गए, खुद की छत्तीसगढ़ पार्टी का गठन किया। मध्यप्रदेश में अर्जुन सिंह की सरकार थी तब वे कांग्रेस में चले गए और सांसद बने। 2008 के विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा में चले गए। 2012 में कांग्रेस में लौटे, फिर भाजपा में चले गए। अंतिम समय में उनका राजनीतिक कैरियर दल-बदल का शिकार होकर रह गया था।

### अरविंद नेताम....



बस्तर के कद्दावर आदिवासी नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने 1998 में कांग्रेस से किनारा किया और बसपा में शामिल हो गए। बसपा में कुछ खास नहीं कर पाए, 2002 में एनसीपी में चले गए। 2007 में कांग्रेस में वापसी तो की लेकिन पार्टी में पुराना कद दोबारा हासिल नहीं कर पाए। 2012 में वे पीए संगमा की एनपीपी में चले गए। फिर से कांग्रेस में लौटे हैं। दलबदल से नेताम की राजनीति लग भग खत्म हो गई?

### पार्टी बदलने के बाद भी जीते कर्मा...



दल-बदल करने वाले नेताओं में महेंद्र कर्मा सफल रहे हैं। वे 1980 में दंतेवाड़ा से सीपी आई के विधायक थे। बाद में कांग्रेस में आए, मंत्री बने। हालांकि कर्मा आखिर में चुनाव हार गए थे। भाजपा के कद्दावर नेता दिलीप सिंह जूदेव के पिता विजयभूषण सिंहदेव जनसंघ में थे। इंदिरा के समय में कांग्रेस में आ गए, लेकिन जनता ने स्वीकार नहीं किया। बाद में उन्होंने सन्यास ले लिया। जूदेव के ही भतीजे विक्रमादित्य सिंहदेव, भाजपा से कांग्रेस में गए, निर्दलीय हो गए। कोरबा में नवरंगलाल वामपंथी रहे।1998 में कांग्रेस में शामिल हो गए। उनका यह फैसला गलत साबित हुआ।

### और अब बस...

- » श्यामाचरण-विद्याचरण शुक्ला परिवार में अभी कोई भी सांसद विधायक नहीं है।
- » अजीत जोगी सीएम रहे, उनकी पत्नी डॉ रेणु और पुत्र अमित भी विधायक रहे पर अब इस परिवार का कोई भी विधायक नहीं हैं।
- » छग के की राजनीति में इक्का दुक्का राज परिवार के लोग ही सक्रिय हैं।

# छत्तीसगढ़ में डिजिटल जनगणना का शंखनाद

**रायपुर 3 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का फील्ड कार्य आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। 01 मई से शुरू हुआ यह महाभियान 30 मई 2026 तक चलेगा। इस कार्य के लिए राज्य भर में 51 हजार 300 प्रगणक और 9 हजार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो घर-घर जाकर डेटा एकत्रित कर रहे हैं। इस बार की जनगणना ऐतिहासिक है क्योंकि यह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है। प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रश्नों की जानकारी दर्ज करेंगे।

प्रशासन ने जनगणना कार्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है। रायपुर नगर निगम में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले 44 कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम 1948 और छत्तीसगढ़ सिविल आचरण नियमों के तहत नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में बाधा डालना या इससे इनकार करना एक दंडनीय अपराध है।



दुर्गम क्षेत्रों में मिसाल- बस्तर जिले के तोकापाल तहसील अंतर्गत ग्राम गाटम के प्रगणक ने विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले ही दिन कार्य पूर्ण कर राज्य स्तर पर उत्साह का संचार किया। अभियान के पहले दिन ही जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्तों ने फील्ड में जाकर कार्यो का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। स्व-गणना राज्य में डिजिटल साक्षरता का प्रभाव दिखा, जहाँ 16 से 30 अप्रैल के बीच 1 लाख 49 हजार 862 परिवारों ने वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना की। जनगणना निदेशालय ने आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह जानकारी किसी भी टैक्स, पुलिस जांच या कोर्ट केस में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकती। यहाँ तक कि सूचना का अधिकार के माध्यम से भी व्यक्तिगत डेटा प्राप्त नहीं किया जा सकता। इन आंकड़ों का उपयोग केवल राष्ट्र निर्माण और जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण हेतु किया जाएगा।

## हजरत सैयद चांद शाह वली का उर्स पाक 5 मई से

**रायपुर, 3 मई।** हज़रत सैयद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नलघर चौक का सालाना उर्स पाक हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। तीन दिवसीय उर्स पाक 5 मई से शुरू होकर 7 मई तक चलेगा। शाही संदल चादर 5 मई बरोज मंगलवार को बाद नमाज़ ज़ोहर आस्ताने से निकाली जाएगी जो शहर का गश्त करते हुए मजार शरीफपर पहुंचेगी। असर की नमाज़ के बाद चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुवाय खैर के बाद तबर्रुक तकसीम किया जाएगा। इसी दिन मगरीब की नमाज़ के बाद दरबारी कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। रात में ओलमाय इकराम की तकरीर होगी। 6 मई बुधवार को शाम समा महफ़िल होगी उसके बाद दरबारी कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। 7 मई को सुबह 10 बजे कुल शरीफकी फातिहा दी जाएगी। उसके बाद आम लंगर का आयोजन किया जाएगा।




## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए राज्यपाल की संवेदनशील पहल



**रायपुर, 3 मई।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उपचार को लेकर राज्यपाल रमेन डेका द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने एम्स के दंत रोग चिकित्सा विभाग को अपने स्वेच्छानुदान से 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की थी, जिसके माध्यम से इन बच्चों के दंत रोगों का उपचार किया जा रहा है। आज राज्यपाल ने एम्स पहुंचकर दंत रोग चिकित्सा विभाग का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपचार के लिए आए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत करते हुए उन्होंने उपचार की प्रक्रिया और सुविधाओं के बारे में भी जाना। राज्यपाल ने चिकित्सकों और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स के दंत विभाग में चल रही इस पहल से कई बच्चों को दंत रोगों से राहत मिल रही है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।




## टीएमसी के साथ होगा खेला बंगाल में खिलेगा कमल : साव

**रायपुर, 3 मई।** पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम की उलटी गिनती शुरू हो गई है. 4 मई को पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने बड़ा दवा किया है. उन्होंने कहा कि 4 मई का पूरा देश प्रतीक्षा कर रहा है, 5 राज्यों के चुनाव के परिणाम आने वाले हैं. चुनाव परिणामों में जनता का रुझान स्पष्ट रूप से बीजेपी को बड़ी सफलता का संकेत दे रहा है. टीएमसी के साथ खेला होगा और बंगाल में कमल खिलेगा. डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि असम और पांडुचेरी में बीजेपी की सरकार बनेगी. निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी की सरकार बनने वाली है. पश्चिम बंगाल की जनता ने टीएमसी के साथ खेला कर दिया है. पश्चिम बंगाल की जनता की जगह घुसपैठियों के साथ खड़े होने का काम ममता बनर्जी ने किया है.

प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में आज कांग्रेस महंगाई को लेकर प्रदर्शन करने जा रही है. इसे लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पाकिस्तान के लिए प्रेम उजागर होता है. पाकिस्तान में कांग्रेस नेता हीरो बनते हैं. महंगाई की बात कर रहे हैं तो अपने पसंदीदा देश पाकिस्तान से पूछ लें. उन्होंने कहा मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तुलना में देश में महंगाई कम है.

## किरण देव ने जवानों की शहादत पर जताया शोक

**रायपुर, 3 मई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांकेर–नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी–माइनिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को हुए दुर्भाग्यपूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद हुए डीआरजी के चार जाँबाज जवानों इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले और कॉन्स्टेबल परमानंद कोमरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने अपने शोक संदेश में कहा कि बस्तर की शांति और सुरक्षा के लिए हमारे जवानों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनता की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर की है। देव ने ईश्वर से वीर शहीदों की पुण्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### निधन

### मंजुला शर्मा



**रायपुर, 3 मई।** रायपुरा निवासी राकेश शर्मा, एवं रोहिणी पुरमनिवासी रमेश शर्मा के भाई राजेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मंजूला शर्मा (63) (तिल्दाडीह वाले) का देहावसान कल रात्रि को मुंबई में हो गया है। वे सेम्हरा निवासी स्व डॉ गिरधर प्रसाद शर्मा की दूसरी बेटी थी। वे अपने पीछे दो बेटियों एक पुत्र एवं परिजनों को छोड़ गई हैं। अंतिम संस्कार कल 4 मई को सुबह 8 बजे रायपुरा विद्या भवन के सामने एवं कैनरा बैंक के बाजू स्थित निवास से महादेव घाट के लिए निकलेगी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26